RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
चेतना मंच

वर्ष : 26 | अंक : 43 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शनिवार, 03 फरवरी, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

लालकृष्ण आडवाणी 'भारत रत्न'

भारत के विकास में उनका योगदान स्मरणीय : प्रधानमंत्री

नई दिल्ली (एजेंसी)। अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए देश भर में रथ यात्रा निकालने वाले भाजपा के वरिष्ठ



नेता तथा भाजपा के संस्थापक चेहरों में से एक लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने का एलान किया गया है। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने पोस्ट में कहा कि भारत के विकास में उनका योगदान स्मरणीय है। उनका जीवन जमीनी स्तर पर काम करने से शुरू होकर देश के उप-प्रधानमंत्री के तौर पर काम करते हुए चला। भारत रत्न दिए जाने की घोषणा के बाद देश भर के बड़े नेता उन्हें बधाई दे रहे हैं। भारत सरकार की ओर से भारत रत्न सम्मान के एलान के बाद पूर्व उपप्रधानमंत्री लाल कृष्ण आडवाणी पहली बार नजर आए हैं। उन्होंने अपने घर से हाथ हिलाकर लोगों और मीडियाकर्मियों का अभिवादन किया है। उनके साथ उनकी बेटी प्रतिभा आडवाणी भी नजर आ रही हैं।

पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट में कहा, 'मैं यह साझा कर के काफी खुश हूं कि श्री लालकृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न से सम्मानित किया जाएगा। मैंने उनसे बात की और उन्हें

FILE PHOTO

इस सम्मान को दिए जाने पर बधाई दी। वह हमारे समय के सबसे बड़े और सम्मानित जननेता रहे हैं। भारत के विकास में उनका योगदान स्मरणीय है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

राम मंदिर निर्माण के लिए राम रथ यात्रा

1980 की शुरुआत में विश्व हिंदू परिषद ने अयोध्या में राम जन्मभूमि के स्थान पर मंदिर निर्माण के लिए आंदोलन की शुरुआत करने लगी। उधर आडवाणी के नेतृत्व में भाजपा राम मंदिर आंदोलन का चेहरा बन गई। आडवाणी ने 25 सितंबर, 1990 को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर सोमनाथ से राम रथ यात्रा शुरू की थी।

आडवाणी जी अद्वितीय प्रेरणा के स्त्रोत : योगी

लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने की घोषणा के बाद उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य, असंख्य कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्त्रोत एवं पूर्व उपप्रधानमंत्री आदरणीय श्री लाल कृष्ण आडवाणी जी को भारत रत्न से सम्मानित किए जाने का निर्णय, उनके सार्वजनिक जीवन में दशकों की सेवा, प्रतिबद्धता और राष्ट्र की अखंडता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता तथा राजनैतिक जीवन में शुचिता व नैतिकता के उच्च मानक स्थापित करने वाले उनके अद्वितीय प्रयासों को सम्मान प्रदान करने वाला है। राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनरुत्थान की दिशा में किए गए उनके अथक प्रयास हम सभी के लिए अद्वितीय प्रेरणा के स्त्रोत हैं।

महिला जज ने की आत्महत्या

बदायूं (एजेंसी)। बदायूं में एक बड़ी घटना सामने आई है।

यहां सरकारी आवास में महिला जज ज्योत्सना राय का शव फंदे से लटका हुआ मिला। इसकी जानकारी मिलते ही पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया। मौके पर डीएम-एसएसपी समेत तमाम

सरकारी आवास में पंखे से लटका मिला शव

अधिकारी पहुंच गए। घटनास्थल पर छानबीन कराई जा रही है। बताया जा रहा है कि मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है। सुसाइड नोट में क्या लिखा है, इसके बारे में कोई खुलासा नहीं किया गया है।

जानकारी के मुताबिक, सिविल जज जूनियर डिवीजन न्यायालय की जज ज्योत्सना राय आज सुबह अपने कोर्ट में नहीं पहुंचीं। साथी जजों ने उनके नंबर पर कॉल की, लेकिन रिसीव नहीं हुआ। कर्मचारियों के मुताबिक जज के आवास का दरवाजा अंदर से बंद था। (शेष पृष्ठ-3 पर)

बहन की जालसाजी का शिकार बना कर्नल भाई

फर्जी हस्ताक्षर कर बेच दिए दो फ्लैट

नोएडा (चेतना मंच)। सीमा पर दुश्मनों से देश की रक्षा करने वाले रिटायर्ड सैन्य अधिकारी अपने ही घर में सगी बहन की जालसाजी का शिकार बन गए। रिश्ते नातों को दरकिनार कर बहन ने अपने भाइयों के कूट रचित हस्ताक्षर से दो फ्लैट्स को अपने नाम कराने के बाद उन्हें बेच दिया। जालसाजी के शिकार रिटायर्ड कर्नल व उनके भाई ने अपनी बहन सहित चार के खिलाफ थाना सेक्टर-20 में मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर-50 अंतरिक्ष ग्रीन सोसाइटी में रहने वाले सेना से रिटायर्ड कर्नल भानु प्रीत सिंह सैनी तथा उनके भाई हरप्रीत सिंह सैनी ने बताया कि उनके पिता रिटायर्ड कर्नल का निधन 15 सितंबर 2018 में हो गया था। उनके पिता के नोएडा में दो फ्लैट थे। जिनमें से एक उनकी माताजी और पिता के नाम पर पंजीकृत था और दूसरा फ्लैट उनके पिता तथा बहन ज्योति सैनी के नाम पर पंजीकृत था। ज्योति सैनी ने धोखाधड़ी एवं जालसाजी करते हुए कूटरचित दस्तावेज बनाकर एक फ्लैट का म्यूटेशन अपने नाम पर करा लिया। सेक्टर-29 स्थित ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट के इस फ्लैट को अपने नाम कराने के बाद उसने सितंबर 2022 में इसे मानिक वाधवा को बेच दिया। पिता के निधन के पश्चात उनकी बहन ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट में उनकी माता जी के साथ रहने लगी। जब भी दोनों भाई अपनी मां से मिलने एवं उनका हाल-चाल जानने के लिए ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट जाते तो उनकी बहन ज्योति सैनी उनके साथ लड़ाई झगड़ा शुरू कर देती थी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

दम घुटने से महिला की मौत

नोएडा (चेतना मंच)। छिजारसी गांव में ठंड से बचने के लिए कमरे में गैस जलाकर सोने के दौरान बनी कार्बनडाई मोनोऑक्साइड गैस ने महिला की भी जान ले ली। महिला के पति और चार माह के मासूम बेटे की गैस की वजह से दम घुटने के कारण पहले ही मौत हो चुकी है। इस हादसे में महिला को गंभीर स्थिति में उपचार के अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसने दम तोड़ दिया।

थाना सेक्टर-63 प्रभारी ने बताया कि बीते 26 जनवरी को छिजारसी कॉलोनी में रहने वाले (शेष पृष्ठ-3 पर)

तेंदुए की आहट से ग्रामीणों में खौफ!

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना बादलपुर क्षेत्र के ग्राम कचेड़ा में एक व्यक्ति के घेर में बंधी गाय लहूलुहान स्थिति में मृत अवस्था में मिली। गाय की गर्दन तथा चेहरे पर किसी जानवर के दांत के निशान मिले हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कुछ दिन पूर्व वेव सिटी में तेंदुआ देखा गया था। गाय भी उसी तेंदुए का शिकार बनी है। गाय की मौत के बाद ग्रामीण तेंदुए की आहट को लेकर भयभीत हैं।

कचेड़ा गांव में मरी मिली गाय, गर्दन पर दांत के निशान

ग्राम कचेडा निवासी राज सिंह आज सुबह अपने घेर में पहुंचे तो उन्हें एक गाय मृत अवस्था में पड़ी हुई मिली। गाय की गर्दन और चेहरा किसी जानवर द्वारा बुरी तरह से नोंच कर खा लिया गया था। थोड़ी देर में इस बात की जानकारी पूरे गांव में फैल गई। (शेष पृष्ठ-3 पर)

संदिग्ध परिस्थितियों में तीन किशोरी लापता

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। अलग-अलग स्थान से तीन किशोरियां संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है।

थाना सेक्टर-39 क्षेत्र के अंबेडकर पार्क सलारपुर में रहने वाले रमेश (काल्पनिक नाम) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह मूल रूप से बदायूं का रहने वाला है और वर्तमान में सेक्टर 81 की एक कंपनी में नौकरी कर रहा है बीते दोनों उसकी 16 वर्षीय बेटी घर से कपड़े सिलवाने के लिए निकली थी उसने अपनी भाभी को बताया कि वह संजू तथा सोनू के साथ जा रही है। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटी बेटी के वापस न लौटने पर (शेष पृष्ठ-3 पर)

स्टॉक मार्केट में निवेश के नाम पर जालसाजों ने लगाया लाखों का चूना

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। अगर आप शेयर मार्केट में पैसा लगाकर मुनाफा कमाने की सोच रहे हैं तो सावधान हो जाइए। ऐसा ना हो कि आपकी जमा पूंजी को जालसाज हड़प लें। ऐसा ही एक मामला थाना सूरजपुर क्षेत्र में प्रकाश में आया है। यहां स्टॉक मार्केट में निवेश करने का नाम पर जालसाजों ने एक व्यक्ति से 2338000 हड़प लिए।

ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ईटा 2 मेट्रो विले ऑर्किड निवासी दुर्गा शंकर शर्मा ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह आशीष शाह और अनिल झा शर्मा द्वारा शाह स्टॉक मार्केट शेयरिंग कंपनी में रजिस्टर्ड इन्वेस्टर था। अशीष शाह और अनिल झा के कहने पर उसने 26 दिसंबर 2023 को ट्रिडेंट टेकलैब कंपनी के 30000 तथा के सी एनर्जी इंफ्रा के 44000 आईपीओ के शेयर खरीदने के लिए उन्हें 2338000 का भुगतान किया था। पैसे देने के बाद शेयर के आवंटन की पुष्टि भी दोनों आरोपियों द्वारा कर दी गई। (शेष पृष्ठ-3 पर)

साइबर ठग ने व्यवसाई के खाते से उड़ाई नकदी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। साइबर ठग ने जालसाजी से एक किराना व्यवसाई का मोबाइल नंबर पोर्ट करा कर उसके खाते में सेंध लगा दी। जालसाज ने नंबर पोर्ट होने के बाद किराना व्यवसाई के खाते से 276000 निकल लिए। पीड़ित ने थाना कासना में मुकदमा दर्ज कराया है।

मूल रूप से पाली फरीदाबाद हरियाणा के रहने वाले धर्मवीर ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह कासना स्थित कालीचरण मार्केट में किराना स्टोर चलाते हैं। बीते 4 नवंबर को ग्रेटर नोएडा के सेक्टर अल्फा दो स्थित जिओ कस्टमर केयर गया। जहां उसे पता चला कि उसका नंबर वोडाफोन में पोर्ट करा दिया गया है। संदेह होने पर उसने जब एटीएम बूथ पर अपने एटीएम कार्ड को चेक किया तो पता चला कि उसके खातों से 276000 निकाल लिए गए हैं। उसने तुरंत पीएनबी और केनरा बैंक के कस्टमर केयर पर बात करके अपने अकाउंट को बंद कराया। इसके बाद उसने वोडाफोन केयर कस्टमर पर अपने नंबर के बारे में जानकारी ली तो पता चला कि उसका नंबर रामविलास पुत्र रामफल निवासी गुलधर जागृति विहार सेक्टर-23 संजय नगर (शेष पृष्ठ-3 पर)

कंपनी की लापरवाही से पति हो गया अपंग

सुपरनोवा के निदेशक समेत तीन पर मुकदमा दर्ज

नोएडा (चेतना मंच)। थाना सेक्टर-126 में एक महिला ने सुपरनोवा कंपनी के डायरेक्टर मैनेजर व ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है पीड़िता का आरोप है कि आरोपियों की लापरवाही की वजह से उसका पति दुर्घटना का शिकार होकर अपंग हो गया है।

सेक्टर-37 निवासी प्रीति ने थाने में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसका पति सुभाष कुमार सेक्टर-94 स्थित सुपरनोवा कंपनी में ठेकेदारी में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत था। बीते 9 नवंबर को ड्यूटी के दौरान कंपनी के बेसमेंट में लोहे के जीने से नीचे गिरने के कारण उसके पति की रीढ़ की हड्डी, चार पसलियां तथा एक बाजू टूट गई। साथी कर्मचारियों ने उसके पति को सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उनके गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें दिल्ली के ट्रॉमा सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया रीढ़ की हड्डी टूटने के कारण उसके पति के कमर के नीचे का हिस्सा बिल्कुल भी काम नहीं कर रहा है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

12 को होगा ग्राम परिक्रमा यात्रा का शुभारंभ

भाजपा किसान मोर्चा की कार्यशाला में कार्यकर्ताओं को दी जानकारी

नोएडा (चेतना मंच)। ग्राम परिक्रमा यात्रा की जानकारी देने के लिए भाजपा किसान मोर्चा द्वारा मथुरा महानगर एवं जिले की कार्यशाला भाजपा कार्यालय मथुरा पर सम्पन्न हुई। जिले की कार्यशाला में मुख्य रुप से भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री सतेंद्र तुगना एवं भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अमित त्यागी उपस्थित रहे। कार्यशाला में दोनों पदाधिकारियों ने बताया कि देश के प्रत्येक ग्राम में ग्राम परिक्रमा यात्रा 12 फरवरी से 5 मार्च 2024 तक होनी है। उत्तर प्रदेश एवं सम्पूर्ण देश का मुख्य कार्यक्रम एवं शुभारंभ समारोह 12 फ़रवरी 2024 को शुक्रताल जनपद मुज़फ़्फ़रनगर में सुनिश्चित किया गया है । इस यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय अध्यक्ष भाजपा जेपी नड्डा उपस्थित रहेंगे। सभी मंडलों की कार्यशाला 5 से 6 फरवरी तक संपन्न करनी है। जिसकी तैयारी के लिए प्रत्येक जिला पदाधिकारी का मंडल में (शेष पृष्ठ-3 पर)

एलिवेटेड के संचालन में दो इमारतों ने लगाए 'ब्रेक'!

जून तक एक हिस्सा चालू होने की संभावना, पहले मार्च में खोलने की थी घोषणा

नोएडा (चेतना मंच)। आगाहपुर से एनएसईजेड के बीच वाहन चालकों के लिए जीवन रेखा साबित होने वाली एलिवेटेड रोड के संचालन में दो इमारतों ने फिलहाल ब्रेक लगा दिए हैं। एक हिस्से को मार्च तक खोलने की तैयारी में अब व्यवधान आ रहा है। अब इसे जून तक खोलने की बात हो रही है।

इसकी वजह एलिवेटेड के एलाइमेंट में दो इमारत बाधा डाल रही है। इसमें एक दुकान और एक मकान है। प्राधिकरण के पास दो विकल्प है। पहला या तो दोनों इमारतों को ध्वस्त करे या अपना डिजाइन में बदलाव करे। हालांकि प्राधिकरण अधिकारियों ने अभी तय नहीं किया है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

आशा की किरण

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आगामी चार महीनों के लिए अंतरिम बजट लोकसभा में पेश किया। यह उनका रिकॉर्ड छठा बजट है। अंतरिम बजट में मोदी सरकार की उपलब्धियों का बखान किया गया और अर्थव्यवस्था, विकास की हरी-हरी तस्वीर पेश की गई। मसलन- भारत विश्व-गुरु के तौर पर उभर रहा है। जनता खुश है और सशक्त हुई है। उसमें उम्मीद और आशावाद जागा है। सरकार के 10 सालों में सकारात्मक अर्थव्यवस्था रही है। रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी हुई है। सामाजिक समावेश का आर्थिक विकास हुआ है। भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद खत्म हुआ है। भारत 2047 में 'विकसित राष्ट्र' होगा। अंतरिम बजट से स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री मोदी और भाजपा को आम चुनाव जीतने की कोई चिंता नहीं है, लिहाजा वित्त मंत्री ने दावा किया है कि जुलाई के पूर्ण और आम बजट में विकसित भारत के व्यापक विकास का रोड-मैप पेश किया जाएगा। अंतरिम बजट में किसी महत्त्वपूर्ण और नई परियोजना की घोषणा नहीं की गई है और न ही आयकर-व्यवस्था में कोई बदलाव किया गया है। फिर भी कुछ घोषणाएं ऐसी हैं, जो मौजूदा परियोजनाओं का विस्तार हैं, लेकिन उनमें लोकलुभावन भाव भी निहित है। सरकार ने आगामी 5 साल में 2 करोड़ पक्के घर बनाने की घोषणा की है, जबकि 3 करोड़ घर बनाने का दावा किया गया है। अंतरिम बजट में 5 साल की योजना की घोषणा की प्रासंगिकता कितनी है? जाहिर है कि भाजपा आगामी सत्ता को लेकर भी आश्वस्त है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 70 फीसदी मकानों का स्वामित्व महिला के नाम है। वित्त मंत्री ने अंतरिम बजट में बताया है कि एक करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बना दिया गया है और आगे 3 करोड़ को 'लखपति' बनाने का लक्ष्य तय किया गया है। यह मोदी सरकार की 'महिला सशक्तिकरण' की राजनीति को सत्यापित करती है। सरकार के 10 साल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी-मुक्त किया गया है और यह सरकार की प्रतिबद्धता है। इसके मायने हैं कि देश में गरीबी-रेखा के नीचे जीने वालों की संख्या नगण्य हो गई है! लेकिन यह हकीकत नहीं है। बहरहाल 43 करोड़ को 'मुद्रा ऋण' के तहत 22.57 लाख करोड़ रुपए के कर्ज मुहैया कराए गए हैं। स्वरोजगार के लिए 34 लाख करोड़ रुपए के कर्ज भी दिए गए। इनमें 78 लाख रेहड़ी-पटरी वाले भी हैं, जिन्हें आर्थिक मदद दी गई है। बेशक मोदी सरकार ने किसानों पर खजाने लुटाए हैं, लेकिन फिर भी बजट में कहा गया है कि किसानों की आय बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। करीब 12 करोड़ किसानों को सरकार ने कर्ज मुहैया कराए हैं। फसल बीमा योजना का लाभ 4 करोड़ से अधिक किसानों को मिला है। दरअसल 'मुद्रा लोन' का घोषित आंकड़ा सवालिया है, क्योंकि पूरे भारत में 26-27 करोड़ परिवार बसते हैं। फिर 43 करोड़ को यह ऋण कैसे दिया जा सकता है? आंगनबाड़ी बहनों की घोषणा भी सवालिया है। एक तरफ उन सेविकाओं को सम्मानजनक मानदेय नहीं दिया जाता। वे मानदेय के नियमित भुगतान को लेकर अक्सर सडक़ों पर प्रदर्शन करने को बाध्य हैं, लेकिन दूसरी ओर उन सभी बहनों को 'आयुष्मान कार्ड' देने की घोषणा की गई है। अंतरिम बजट में 3 रेल कॉरिडोर बनाकर आर्थिक विकास करने की घोषणा की गई है। 'वंदे भारत' में 41,000 रेल डिब्बे शामिल किए जाएंगे। रक्षा क्षेत्र को ज्यादा आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। बजट में पर्यटन, हरित विकास, प्रदूषणरहित ईंधन, जनसंख्या नियंत्रण व 'स्किल इंडिया' योजनाओं की घोषणा भी है।

रामचरित मानस

कल के अंक में आपने पढ़ा था कि हे गरुड़जी! एक बार श्री रघुवीर ने सब चरित्र बहुत अधिकता से किए। प्रभु की उस लीला का स्मरण करते ही काकभुशुण्डिजी का शरीर (प्रेमानन्दवश) पुलकित हो गया॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।

कहइ भसुंड सुनहु खगनायक। राम चरित सेवक सुखदायक॥
नृप मंदिर सुंदर सब भाँती। खचित कनक मनि नाना जाती॥

भुशुण्डिजी कहने लगे- हे पक्षीराज! सुनिए, श्री रामजी का चरित्र सेवकों को सुख देने वाला है। (अयोध्या का) राजमहल सब प्रकार से सुंदर है। सोने के महल में नाना प्रकार के रत्न जड़े हुए हैं॥

बरनि न जाइ रुचिर अँगनाई। जहँ खेलहिं नित चारिउ भाई॥
बाल बिनोद करत रघुराई। बिचरत अजिर जननि सुखदाई॥

सुंदर आँगन का वर्णन नहीं किया जा सकता, जहाँ चारों भाई नित्य खेलते हैं। माता को सुख देने वाले बालविनोद करते हुए श्री रघुनाथजी आँगन में विचर रहे हैं॥

मरकत मृदुल कलेवर स्यामा। अंग अंग प्रति छबि बहु कामा॥
नव राजीव अरुन मृदु चरना। पदज रुचिर नख ससि दुति हरना॥

मरकत मणि के समान हरिताभ श्याम और कोमल शरीर है। अंग-अंग में बहुत से कामदेवों की शोभा छाई हुई है। नवीन (लाल) कमल के समान लाल-लाल कोमल चरण हैं। सुंदर अँगुलियाँ हैं और नख अपनी ज्योति से चंद्रमा की कांति को हरने वाले हैं॥

ललित अंक कुलिसादिक चारी। नूपुर चारु मधुर रवकारी॥
चारु पुरट मनि रचित बनाई। कटि किंकिनि कल मुखर सुहाई॥

(तलवे में) वज्रादि (वज्र, अंकुश, ध्वजा और कमल) के चार सुंदर चिह्न हैं, चरणों में मधुर शब्द करने वाले सुंदर नूपुर हैं, मणियों, रत्नों से जड़ी हुई सोने की बनी हुई सुंदर करधनी का शब्द सुहावना लग रहा है॥4॥

दो0-रेखा त्रय सुंदर उदर नाभी रुचिर गँभीर।
उर आयत भ्राजत बिबिधि बाल बिभूषन चीर॥

उदर पर सुंदर तीन रेखाएँ (त्रिवली) हैं, नाभि सुंदर और गहरी है। विशाल वक्ष:स्थल पर अनेकों प्रकार के बच्चों के आभूषण और वस्त्र सुशोभित हैं॥

क्रमश:

इंडिया गठबंधन बचाने के लिए कांग्रेस को सहयोगी दलों की भावनाओं को समझना होगा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र में सत्तारुढ़ भाजपा नीत एनडीए गठबंधन की सरकार को सत्ता से हटाने के लिए देश के 28 प्रमुख विपक्षी दलों ने इंडिया गठबंधन बनाकर एक साथ चुनाव लड़ने का संकल्प जाहिर किया था। कांग्रेस गठबंधन में सबसे बड़ी पार्टी है। मगर गठबंधन में शामिल क्षेत्रीय दलों की ताकत भी कम नहीं है। क्षेत्रीय दल भी अपने-अपने प्रदेशों में मजबूत स्थिति में है। इंडिया गठबंधन भाजपा के खिलाफ एक मजबूत विकल्प मिला था। लगने लगा था कि आने वाले समय में यह गठबंधन भाजपा को टक्कर दे सकता है।

जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव का समय नजदीक आने लगा वैसे-वैसे ही क्षेत्रीय दलों के नेताओं ने कांग्रेस से सीटों का बंटवारा करने की बात करने लगे। मगर कांग्रेस पार्टी पहले कर्नाटक व हिमाचल विधानसभा चुनाव में व्यस्तता की बात कहती रही। फिर राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ व तेलंगाना विधानसभा चुनाव के बहाने बात को टाल दिया। कांग्रेस के चलते इंडिया गठबंधन में शामिल दलों में आपसी सीटों का बंटवारा नहीं हो पाया। हालांकि कांग्रेस पार्टी तेलंगाना को छोड़कर बाकी तीनों प्रदेशों में चुनाव हार गई। उसके बाद भी कांग्रेस ने सीटों के बंटवारे को लेकर बात आगे नहीं बढ़ायी।

इसी के चलते पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रदेश में अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। ममता बनर्जी वहां कांग्रेस को मौजूदा दो सीट बहरामपुर व दक्षिण मालदा ही देना चाहती है। जबकि कांग्रेस वहां 10 सीटों पर दावा कर रही है। ममता बनर्जी का कहना है कि पश्चिम बंगाल में कांग्रेस बहुत कमजोर है। ऐसे में उनकी पार्टी ही भाजपा को हरा सकती। इसलिए वह कांग्रेस को दो से अधिक सीट नहीं देगी। इसके अलावा ममता बनर्जी इंडिया गठबंधन में शामिल वामपंथी दलों के साथ किसी तरह का सीट बंटवारा या समझौता भी नहीं करना चाहती है। ममता बनर्जी की एक तरफा घोषणा से इंडिया गठबंधन कमजोर पड़ा है। वहां कांग्रेस व वामपंथी दल बिना ममता बनर्जी के प्रभाव नहीं दिखा पाएंगे।

सीटों पर तालमेल नहीं होने के चलते ही इंडिया गठबंधन के शिल्पकार व प्रमुख स्तंभ रहे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार में पुन: भाजपा के साथ मिलकर सरकार बना ली है। नीतीश कुमार का इंडिया गठबंधन को छोड़कर एनडीए में शामिल होना इंडिया गठबंधन के लिए शुभ संकेत नहीं है। नीतीश कुमार ने इंडिया गठबंधन छोड़ने के बाद राष्ट्रीय जनता दल के बजाय कांग्रेस पर अधिक निशाना साधा है। नीतीश कुमार का कहना है कि कांग्रेस के नेता मनमाने ढंग से गठबंधन को चलाना चाहते हैं। जिसके चलते उन्होने गठबंधन छोड़कर भाजपा के साथ जाने में ही जदयू की भलाई समझी।

नीतीश कुमार चाहते थे कि उन्हें इंडिया गठबंधन का संयोजक बनाया जाए। मगर कांग्रेस ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को इंडिया गठबंधन का अध्यक्ष नियुक्त करवा दिया था। जिससे नीतीश कुमार मन ही मन खुन्नस खाए हुए थे।

बिहार भाजपा के लिए सबसे कमजोर कड़ी साबित हो रहा था। पिछले लोकसभा चुनाव में जहां भाजपा ने वहां 17 सीटे जीती थी। मगर वर्तमान में भाजपा सबसे कमजोर स्थिति भी बिहार में ही नजर आ रही थी। मगर नीतीश कुमार के पुन: भाजपा से जुड़ने के चलते बिहार में एक बार फिर भाजपा के मजबूत होने की संभावना लगने लगी है। इंडिया गठबंधन का संयोजक नहीं बनाना भी नीतीश कुमार के जाने का एक बड़ा कारण रहा है।

नीतीश कुमार चाहते थे कि उन्हें इंडिया गठबंधन का संयोजक बनाया जाए। मगर कांग्रेस ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को इंडिया गठबंधन का अध्यक्ष नियुक्त करवा दिया था। जिससे नीतीश कुमार मन ही मन खुन्नस खाए हुए थे। नीतीश कुमार चाहते थे कि इंडिया गठबंधन का संयोजक बनने से वह प्रधानमंत्री पद के दावेदार हो जाएंगे। मगर कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया। जिसके चलते उन्हें लगने लगा कि कांग्रेस अपने ही नेताओं को प्रधानमंत्री का दावेदार बनाने जा रही है। इसलिए उन्होंने भाजपा से हाथ मिलाना ही बेहतर समझा।

उत्तर प्रदेश में भी समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कांग्रेस के लिए ग्यारह सीट व राष्ट्रीय लोकदल के लिये सात सीट छोड़कर बाकी 62 सीटों पर अपनी पार्टी के प्रत्याशियों को चुनाव लड़वाने की घोषणा कर दी है। जबकि कांग्रेस वहां 20 सीटों पर दावेदारी जता रही है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के पास अभी एक मात्र रायबरेली की सीट है। जहां से सोनिया गांधी सांसद हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को वहां मात्र 6.31 प्रतिशत ही वोट मिले थे। उत्तर प्रदेश में पिछले लोकसभा चुनाव में अकेले चुनाव लड़ने के चलते कांग्रेस का प्रदर्शन बहुत कमजोर रहा था। वहां पिछले विधानसभा चुनाव में तो कांग्रेस को 2.33 पतिशत ही वोट मिल पाये थे। कांग्रेस वहां अकेले ही चुनाव लड़ेगी तो स्थिति बहुत कमजोर रहेगी।

राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, असम, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, गोवा में कांग्रेस अकेले ही चुनाव लड़ना चाहती है। जबकि इंडिया गठबंधन में शामिल अन्य दलों के नेता चाहते हैं कि कांग्रेस अपने प्रभाव वाले प्रदेशों में भी साथी दलों के लिए कुछ सीटें छोड़े। जिससे उनके प्रत्याशी वहां चुनाव लड़ सकें। दिल्ली, पंजाब, गुजरात, गोवा में आम आदमी पार्टी का प्रभाव है। जिसके चलते आम आदमी पार्टी चाहती है कि गोवा व गुजरात में कांग्रेस उनके लिए कुछ सीट छोड़ें। बदले में दिल्ली व पंजाब में आम आदमी पार्टी कांग्रेस को कुछ सीट दे सकती है। मगर कांग्रेस चाहती है कि पंजाब में अधिक सीटों पर वह लड़े। इसी के चलते पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पंजाब की सभी 13 सीटों पर अकेले ही चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है।

बिहार में कांग्रेस को राष्ट्रीय जनता दल, भाकपा माले, भाकपा, माकपा के साथ ही अन्य दलों के साथ समझौता करना पड़ेगा। इसी तरह झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा व राष्ट्रीय जनता दल के प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में उतरेंगे। महाराष्ट्र में शिवसेना नेता उद्धव ठाकरे, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार आज भी चुनाव मैदान में उतरने की तैयारी कर रहे हैं। बाबा साहेब आंबेडकर के पोते प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन अघाड़ी भी महाविकास अघाड़ी में शामिल हो गयी है। महाराष्ट्र में कांग्रेस को अघाड़ी में शामिल दलों की भावनाओं का सम्मान करते हुए सीटों के बंटवारे की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

विपक्ष में सबसे बड़ा दल होने के चलते कांग्रेस की नैतिक जिम्मेदारी भी बनती है कि वह अपने साथ इंडिया गठबंधन में शामिल सभी छोटे-बड़े दलों को जोड़कर उनकी भावनाओं को समझे और उन्हें सम्मानजनक स्थिति प्रदान करें। ममता बनर्जी, भगवंत मान, अखिलेश यादव की सीट बंटवारे पर एकतरफा घोषणा करने व नीतीश कुमार के एनडीए के साथ जाने से इंडिया गठबंधन को तगड़ा झटका लगा है। ऐसे में कांग्रेस नेताओं को इस बात पर चिंतन मनन करना चाहिए कि ऐसी परिस्थितियों क्यों बन रही है जिसके कारण नीतीश कुमार जैसे मजबूत नेता को इंडिया गठबंधन छोड़ना पड़ा। भविष्य में ऐसी स्थिति फिर से ना बने जिससे उनके किसी अन्य सहयोगी को भी गठबंधन से अलग होना पड़े। इस बात की पूरी जिम्मेवारी कांग्रेस पार्टी को लेनी होगी। बहरहाल तो नीतीश कुमार के जाने से इंडिया गठबंधन में टूट का जो सिलसिला शुरू हुआ है। उसका नतीजा क्या होगा यह तो आने वाला समय ही बतायेगा।

-रमेश सर्राफ धमोरा

हे व्हाट्सप युनिवर्सिटी आपको प्रणाम! (व्यंग्य)

हे! मेरे व्हाट्सप युनिवर्सिटी! आपको प्रणाम है। आप केवल युनिवर्सिटी नहीं स्कूल, कॉलेज या यूँ कहें कि महान टीचर हो। क्योंकि आप जहाँ-तहाँ हमारा ज्ञानोदय कर देते हैं। हे व्हाट्सप युनिवर्सिटी!! पिछले कई वर्षों से आप जात-पात, धर्म, रंग, भाषा से लेकर न दिखाई देने वाले तत्व तक बराबर छाये हो। इससे सबकी हथेलियों में आप छाए हुए हो। अतएव आपको प्रणाम है।

हे व्हाट्सप युनिवर्सिटी! आप ही डॉक्टक हो, आप ही पुलिस। आप ही हमारे चिकित्सक हैं, आप ही हमारे रक्षक हैं। आपको प्रणाम है। आप सभी सवालों के जवाब हैं! बेरोजगारी हो फट से व्हाट्सप युनिवर्सिटी पर अंगुलियाँ चलाएँ। भुखमरी हो फट से व्हाट्सप युनिवर्सिटी! में खा लें। बहिनों के साथ बलात्कार हो रहा हो या नंगी घुमाई जा रही हों फट से व्हाट्सप युनिवर्सिटी! देख लें। खुशी मिलेगी कि हमारे यहाँ से ज्यादा फलाना राज्य में ऐसी घटनाएँ अधिक हो रही हैं। यह सब पढ़ और देख लेने से व्हाट्सप युनिवर्सिटी हमारी मृत या बलत्कृत बहिनों को पहले जैसा या फिर जिंदा कर देता है।

हे व्हाट्सप युनिवर्सिटी! आप ही डॉक्टक हो, आप ही पुलिस। आप ही हमारे चिकित्सक हैं, आप ही हमारे रक्षक हैं। आपको प्रणाम है। आप सभी सवालों के जवाब हैं! बेरोजगारी हो फट से व्हाट्सप युनिवर्सिटी पर अंगुलियाँ चलाएँ।

हे व्हाट्सप युनिवर्सिटी! आप बड़े से बड़े संकट को चुटकियों में हल कर देते हो। अब हमें पुस्तकालयों की जरूरत नहीं है। न हमें सच को पता लगाने की जरूरत है। किसने फॉरवर्ड किया, क्यों किया, कब किया से हम कब के उठ चुके हैं। हमें इन सबसे कोई फर्क नहीं पड़ता है। क्योंकि हमारे पास व्हाट्सप युनिवर्सिटी है। आपको प्रणाम है। हे व्हाट्सप युनिवर्सिटी! आपको देखने के बाद देश चमकने लगा है। जब-जब आपको देखता हूँ लगता है पेड़ों पर फल की जगह रोजगार लग रहे हैं। लड़कियाँ बेखौफ घूम रही हैं। गांधी जी का सपना आपने पूरा कर दिया। वाह-वाह हे व्हाट्सप युनिवर्सिटी! आप जैसा कोई नहीं।

हे प्रबुद्ध हे व्हाट्सप युनिवर्सिटी! आप जनता को हिंदू-मस्जिद के पवित्र कार्य में व्यस्त कर तमाम मुद्दों को अंतरिक्ष में भेज दिया है। हे स्वेच्छाचारिन् हे व्हाट्सप युनिवर्सिटी! इधर-उधर जहाँ आपने चाहा अपने को फैलाया है। अब आप हथेलियों से उठकर मन-मस्तिष्क में छा गए हो। अब हमें कोर्ट-कचहरी की जरूरत नहीं है। आप जो फैसला सुना देते हो, वही अंतिम होता है। आपने हमारा कितना पैसा बचाया है। हे व्हाट्सप युनिवर्सिटी! आपको नमस्कार है।

- डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त',
(हिंदी अकादमी, मुंबई से सम्मानित नवयुवा व्यंग्यकार)

राशिफल

माघ कृष्ण- अष्टमी | **(विक्रम संवत् 2080)**

मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)
भाग्य साथ देगा। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। यात्रा में लाभ होगा। स्वास्थ्य में थोड़ा बेहतर परिणाम।

वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)
चोट चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं। परिस्थितियां प्रतिकूल हैं। बचकर पार करें।

मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)
जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। सानिध्य मिलेगा। रोजी रोजगार में तरक्की करेंगे।

कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)
शत्रु परास्त होंगे। बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा। गुण-ज्ञान की प्राप्ति करेंगे। स्वास्थ्य की स्थिति नरम गरम।

सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)
भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें। महत्वपूर्ण निर्णय अभी रोक दें। विद्यार्थियों के लिए अच्छा समय।

कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी संभव है। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी। व्यापार भी अच्छा।

तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)
व्यापारिक लाभ होगा। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य ठीक है। प्रेम-संतान अच्छा है। व्यापार भी अच्छा है।

वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)
धन का आवक बढ़ेगा। कुटुंबों में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम-संतान अच्छा। व्यापार भी अच्छा।



धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)
सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी है।

मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)
मन चिंतित रहेगा। खर्चे को लेकर परेशान रहेगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा क्योंकि सिरदर्द व नेत्रपीड़ा संभव है।

कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)
अच्छे समाचार की प्राप्ति हुई होगी। यात्रा में लाभ होगा। धन-धान्य से परिपूर्ण होंगे। स्वास्थ्य, प्रेम व व्यापार बहुत अच्छा दिख रहा है।

मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)
शासन सत्ता पक्ष का सहयोग मिलेगा। उच्चाधिकारियों का आशीर्वाद मिलेगा। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। स्वास्थ्य अच्छा है।

कई वारदातों को अंजाम दे चुका बदमाश दबोचा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। थाना सूरजपुर पुलिस ने मुठभेड़ के बाद एक शातिर लुटेरे को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में पैर में गोली लगने से बदमाश घायल हो गया। इसके पास से तमंचा, कारतूस व चोरी की एक बाइक बरामद हुई है।

सेंट्रल जोन के एडीसीपी हृदेश कठेरिया ने बताया कि थाना सूरजपुर पुलिस जुनपत गोल चक्कर के पास चेकिंग कर रही थी। इस दौरान भट्टा गोल चक्कर की तरफ से आ रहे एक बाइक सवार को पुलिस ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को देखकर बाइक सवार भाग निकला। पुलिस टीम द्वारा पीछा करने पर हड़बड़ी में बाइक सवार फिसल कर गिर गया और उसने पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी जिसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया। पूछताछ में बदमाश ने अपना नाम सचिन पुत्र मंगल निवासी चिटहेड़ा थाना दादरी बताया। इसके कब्जे से एक तमंचा और दो कारतूस बरामद हुए।

एडीसीपी ने बताया कि पकड़ा गया सचिन पूर्व में भी लूट चोरी व अन्य मुकदमों में जेल जा चुका है। इसके पास से बरामद बाइक बीते दिनों कचहरी परिसर से चोरी की गई थी। पुलिस से बचने के लिए उसने इस बाइक पर फर्जी नंबर प्लेट लगाई हुई थी। बदमाश ने स्वीकार किया कि वह चोरी की बाइक पर आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहा था। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नवरत्न फाउंडेशन ने 475 गरीब छात्रों को बांटे स्वेटर

नोएडा (चेतना मंच)। दशकों से समाजसेवा में सक्रिय संस्था नवरत्न फाउंडेशन की इस वर्ष ठंड में भी जरूरतमंदों की सेवा काफी सराहनीय रही। इसी कड़ी में नवरत्न फाउंडेशन्स ने इस वर्ष शिक्षा ग्रहण कर रहे आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को अभी भी जारी कड़कड़ाती ठंड से बचाव के लिए पेट्रोनेट शीत कवच के द्वितीय चरण में गत दो दिनों में करीब 475 विद्यार्थियों को दो-दो स्वेटर यानी 950 स्वेटर वितरित किये गए।यह स्वेटर नोएडा से 80 किलोमीटर दूर स्थित वैलाना गाँव के अपर माध्यमिक विद्यालय, नोएडा के सेक्टर 31 के निवेदा विद्या मंदिर एवं सेक्टर के दिव्य तरंग एजु केयर फाउंडेशन के बच्चों को प्रदान किये गए। नवरत्न फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष डा. अशोक श्रीवास्तव ने बताया कि नवरत्न फाउंडेशन्स इस पेट्रोनेट शीत कवच अभियान में सहयोग के लिये पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड का विशेष आभार ज्ञापित करता है। उन्होंने कहा कि उनका यह अभियान निरंतर चलता रहेगा।

बंद घरों में सेंध लगाने वाले तीन बदमाश गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। बंद घरों का ताला तोड़ कर चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को थाना सूरजपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी के जेवरात दो एलईडी टीवी, नकदी, चाकू व चोरी की वारदात में प्रयुक्त चोरी की इको कार बरामद हुई है।

थाना प्रभारी पुष्पराज सिंह ने बताया कि पुलिस टीम खेड़ी बनोटा मोड़ के पास वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि बीते दिनों वंदना वाटिका कॉलोनी में घर में घुसकर चोरी करने की वारदात को अंजाम देने वाले चोर एक इको कार से तिलपता की तरफ आने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने तिलपता की तरफ से आने वाली सर्विस रोड पर चेकिंग शुरू कर दी। इस दौरान मुखबिर के इशारे पर इको कार को जांच के लिए रुकने का इशारा किया गया। पुलिस को देखकर कार चालक ने भागने का प्रयास किया, लेकिन पुलिस कर्मियों ने तीन लोगों को दबोच लिया। एक कार की तलाशी लेने पर उसमें से दो एलईडी टीवी, अंगूठी, मंगलसूत्र, लॉकेट, झुमकी, नथ तथा 35400 रूपये बरामद हुए।

पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने अपना नाम देवेंद्र, मुकेश उर्फ मुक्के तथा सतपाल बताया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने कुछ दिनों पूर्वी वंदना वाटिका में एक घर का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इसके अलावा उन्होंने नवंबर माह में डेल्टा 2 सेक्टर में एक मकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को भी अंजाम दिया था। थाना प्रभारी ने बताया कि उनके पास से बरामद एक कार भी चोरी की है। यह कार हरियाणा के थाना आईएमटी मानेसर क्षेत्र से चोरी की गई थी। तीनों आरोपी चोरी की वारदात में इको कार का प्रयोग करते थे। पकड़े गए आरोपियों ने चोरी की कई वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है।

वन अग्नि नियंत्रण कक्ष स्थापित : पी.के. श्रीवास्तव

नोएडा (चेतना मंच)। वन अग्नि घटनाओं के संबंध में जानकारी देने के लिए वन प्रभाग के तहत अग्नि नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। प्रभागीय वन अधिकारी प्रमोद कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि वर्ष 2024 अग्नि सीजन में आग की घटनाओं का अनुश्रवण करने तथा वन अग्नि घटनाओं के संबंध में विभिन्न श्रोतो से सूचना एकत्र करने और प्राप्त सूचनाओं को संबंधित अधिकारी तक भेजने के लिए गौतमबुद्धनगर वन प्रभाग के अन्तर्गत अग्नि नियन्त्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष संख्या- 0120-2425989 व E-Mail:-dfonoiad@gmail.com है।

पृष्ठ एक के शेष....

लालकृष्ण आडवाणी ....

उनका जीवन जमीनी स्तर पर काम करने से शुरू होकर देश के उप-प्रधानमंत्री के तौर पर काम करते हुए चला। उन्होंने गृह मंत्री और सूचना-प्रसारण मंत्री के तौर पर काम करते हुए भी खुद को दूसरों से अलग किया। उनके संसदीय हस्तक्षेप हमेशा अनुकरणीय रहे हैं और समृद्ध अंतर्दृष्टि से भरे रहे हैं।'

पाकिस्तान के कराची में जन्म

लालकृष्ण आडवाणी का जन्म पाकिस्तान के कराची में 8 नवंबर, 1927 को एक हिंदू सिंधी परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम किशनचंद आडवाणी और मां का नाम ज्ञानी देवी है। उनके पिता पेशे से एक उद्यमी थे। शुरुआती शिक्षा उन्होंने कराची के सेंट पैट्रिक हाई स्कूल से ग्रहण की थी। इसके बाद वह हैदराबाद, सिंध के डीजी नेशनल स्कूल में दाखिला लिया।

महिला जज ने की ....

आवाज देने पर भी जब दरवाजा नहीं खुला तो पुलिस को सूचना दी गई।

मौके पर पहुंची पुलिस ने धक्का मारकर उनके आवास का दरवाजा खोला। तब पुलिस अंदर घर में दाखिल हुई। अंदर एक कमरे में पंखे से उनका शव फंदे से लटका हुआ था। घटना की सूचना पर डीएम मनोज कुमार और एसएसपी आलोक प्रियदर्शी समेत तमाम अधिकारी पहुंच गए। फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुला लिया गया। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि मौके पर छानबीन के दौरान कुछ अभिलेख मिले हैं, जो घटनाक्रम से संबंधित हो सकता है। सभी तथ्यों पर गहनता से जांच कराई जा रही है।

बताया जा रहा है कि ज्योत्सना राय मूल रूप से मऊ जिले की रहने वाली थीं। वह बदायूं में सिविल जज जूनियर डिवीजन की मुंसिफ मजिस्ट्रेट थीं। बदायूं में उनकी दूसरी पोस्टिंग थी। इससे पहले वह अयोध्या में भी तैनात रह चुकी थीं। वह वर्ष 2019 में सिविल जज बनी थीं। उनकी उम्र 29 साल बताई गई है। सरकारी आवास में महिला जज का शव मिलने से हर कोई स्तब्ध है।

एलिवेटेड के संचालन....

हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि रैंप में बदलाव करना संभव नहीं हो सकता है, क्योंकि एलिवेटेड रोड का एलाइनमेंट मौजूदा सड़क के अनुरूप है, जिससे रैंप को स्थानांतरित करने के लिए कोई जगह नहीं बचती है।

नोएडा प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डा. लोकेश एम ने बताया कि हमने अभी तक इस मामले पर कोई फैसला नहीं लिया है। इन इमारतों का निर्माण भंगेल एलिवेटेड के निर्माण से पहले किया गया या इस बीच। हम एलिवेटेड के उस हिस्से का निर्माण करने से पहले कोई सटीक नतीजे पर पहुंचेंगे। जिससे निर्माण कार्य को पूरा किया जा सके। अब तक निर्माण एजेंसी यूपी स्टेट ब्रिज कारपोरेशन लिमिटेड ने एलिवेटेड का 75 फीसदी निर्माण कार्य पूरा कर लिया है। इस बीच मार्च तक एलिवेटेड रोड का एक तरफ का हिस्सा तैयार नहीं हो पाएगा।

पिछले साल अक्टूबर में प्राधिकरण ने ब्रिज कारपोरेशन को आगाहपुर से भंगेल तक एलिवेटेड रोड के बाएं हिस्से को पूरा करने और इसे जनता के लिए खोलने का निर्देश दिया था। अब निर्माण एजेंसी इस काम को जून तक पूरा करने का प्रयास करेगी। साइट पर कर्मचारियों की संख्या बढ़ाकर 250 कर दी गई है। फिलहाल उस हिस्से को छोड़कर बाकी स्थानों पर काम सुचारू रूप से चल रहा है।

568 करोड़ का है प्रोजेक्ट

भंगेल एलिवेटेड प्रोजेक्ट की लागत राशि 568 करोड़ रूपए है। हाल ही में ब्रिज कारपोरेशन ने आर्थिक संकट बताते हुए एलिवेटड का निर्माण काम बंद करने के कह दिया था। जिसके बाद प्राधिकरण ने 75 करोड़ रुपए के बिल का भुगतान कर दिया। इस परियोजना में अब तक करीब 400 करो? रुपए खर्च किए जा चुके है। सीईओ ने बताया कि उन्होंने परियोजना की निगरानी करने और साप्ताहिक रिपोर्ट सौंपने के लिए एक सलाहकार को नियुक्त किया है। सलाहकार कंपनी निर्माण प्रगति में बाधा डालने वाले भूमिगत केबल, बिजली के खंभे और सीवरेज लाइनों से संबंधित कई मुद्दों की जानकारी दे रहा है। जिसे हम तेजी से हल कर रहे हैं।

छह माह बंद था कार्य

पिछले 6 माह तक बाधित रहे इस एलिवेटेड की लम्बाई 5.5 किमी है। ये एलिवेटेड दादरी-सूरजपुर-छलेरा (डीएससी) सड़क पर अगाहपुर से एनएसईजेड के बीच बनाई जा रही है। एक बार पूरा होने के बाद वाहन चालकों को छलेरा, बरौला और भंगेल बाजारों से होकर नहीं गुजरना पड़ेगा। यह परियोजना जून 2020 में शुरू हुई थी और दिसंबर 2022 तक तैयार होनी थी। हालांकि, इसकी शुरुआत से ही परियोजना को विभिन्न बाधाओं का सामना करना पड़ा। धन की कमी के कारण पिछले साल लगभग छह महीने तक निर्माण कार्य रोक दिया गया था।

दो लूप के लिए जारी होंगे टेंडर

इस एलिवेटेड पर सेक्टर-49 हनुमान मूर्ति और सेक्टर-107 की ओर बनने वाले दो और लूप के लिए भी टेंडर जारी किया जाएगा। इनको बनाने में 20-25 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। इसके बनने से आस-पास की सोसाइटी वालों को काफी सहूलियत होगी। फिलहाल इस एलिवेटेड के निर्माण से भंगेल बाजार के व्यापारी पिछले करीब तीन साल से प्रभावित है।

12 को होगा....

प्रवास सुनिश्चित हुआ है। ग्राम परिक्रमा यात्रा का कार्यक्रम प्रत्येक दिन न्यूनतम हर मंडल में दो कार्यक्रम प्रभावी ढंग से संपन्न करने हैं। अमित त्यागी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा का राष्ट्रीय अधिवेशन फरवरी माह में दिल्ली के आस पास प्रस्तावित है।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश सतेंद्र तुगाना ने कहा कि यूपी की सभी 80 लोकसभा सीटें जीतने के लिए यह यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा में किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं को गांव- गांव किसानों के बीच जाकर, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, कृषक दुर्घटना योजना,प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि,मृदा हेल्थ कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड और गन्ना मूल्य में वृद्धि जैसी केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियां किसानों को बतायी जाएगा।

उत्तर प्रदेश में 50 हजार ग्राम पंचायत में गांव-गांव चौपाल लगाकर मोदी सरकार के कार्यकाल में खेती किसानी के विकास और किसानों के उत्थान के काम गिनाएंगे। पार्टी के सभी अभियानों से जुड़कर 80 की 80 सीटें जीतने के लक्ष्य को प्राप्त करने में सहयोग का आवाहन किया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं एवं किसान भाइयों से निवेदन किया है कि वह नमो ऐप डाउनलोड अवश्य करें।

कार्यशाला में किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष हीरा सिंह, क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रशांत पूनिया , मथुरा अध्यक्ष सुरेंद्र प्रधान, चरण सिंह जादौन, संतोष सिकरवार ,सत्येंद्र त्यागी, मनोज सोनोट, मेरूकांत पांडे, प्रवीण , सुरेश तरकर, सहित दोनों जिलों के पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष, मंडल महामंत्री उपस्थित हुए।

कंपनी की लापरवाही से ....

प्रीति का आरोप है कि दुर्घटना होने के बाद कंपनी के डायरेक्टर अजीत, धीरज, मैनेजर फिरोज अहमद व ठेकेदार सुरेश मौर्य ने उसके पति की कोई खबर नहीं ली और ना ही उन्हें आर्थिक सहायता दी। इस हादसे में पति के अपंग होने के कारण उसका परिवार का भरण पोषण करना मुश्किल हो गया है।

प्रीति का आरोप है कि कार्यस्थल पर सुरक्षा से संबंधित किसी भी प्रकार के उपाय नहीं किए गए थे। थाना परिवार ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

बहन की जालसाजी....

उन्होंने बताया कि उनकी बहन ने मां से कोरे कागजातों पर यह कहकर हस्ताक्षर ले लिए कि आरडब्ल्यूए व अथॉरिटी के अभिलेखों में बदलाव करना है। इसके बाद उनकी बहन ज्योति सैनी ने उनके कूटरचित हस्ताक्षर बनाकर उनके हिस्से के बाबत फर्जी अनापत्ति प्रमाण पत्र एवं शपथ पत्र बनाकर नोएडा प्राधिकरण में जमा कर दिए और माता-पिता के संयुक्त नाम पर दर्ज फ्लैट का म्यूटेशन उनकी मां के नाम पर करा दिया। नवंबर वर्ष 2022 में ज्योति सैनी ने ब्रह्मपुत्र अपार्टमेंट के फ्लैट को मां से अपने नाम पर ट्रांसफर कर लिया। फ्लैट ट्रांसफर होने के बाद ज्योति सैनी ने 18 अप्रैल 2023 को अनीता डेनियल के नाम ट्रांसफर कर दिया। पीड़ित के मुताबिक उन्होंने जब इस संबंध में ज्योति सैनी से बात करने की कोशिश की तो उसने बात करने के बजाय उल्टा उन पर उल्टे-सीधे इल्जाम लगाने शुरू कर दिए और फर्जी मुकदमे फंसाने की धमकी दी। रिटायर्ड कर्नल भानु प्रीत सिंह सैनी ने बताया कि उनकी बहन ज्योति सैनी ने गलत तरीके से उनके हिस्से की संपत्ति को हथियाकर बेच दिया है।

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर इस मामले में ज्योति सैनी अनिता डेनियल, अनीश डेनियल और अनुभा डेनियल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

स्टॉक मार्केट में ....

अशीष शाह और अनिल झा ने बताया कि शेयर्स को लिस्टिंग के 10 दिन बाद वह भेज सकता है। 10 दिन भी जाने के बाद जब उसने होल्डिंग शेयर बेचने को कहा तो दोनों ने उसे 15 लाख रुपए और जमा करने की मांग की। 15 लाख रुपए देने से इनकार करने पर उन्होंने उसे अपने व्हाट्सएप ग्रुप की टीम से हटा दिया और उनके यहां चल रहा इंटरनल अकाउंट भी फ्रीज कर दिया। उसने जब अपनी जमा राशि को वापस पाने के लिए उनसे फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। पीड़ित दुर्गा शंकर शर्मा के मुताबिक चॉइस इक्विटी ब्रोकिंग प्राइवेट लिमिटेड नाम की सेबी रजिस्टर्ड एक स्टॉक ब्रोकिंग कंपनी है जिसका चॉइस फीनिक्स नाम से फाइनेंशियल इन्वेस्टमेंट का एक एप है। इन दोनों जालसाजों ने चॉइस फीनिक्स नाम के एप से मिलता जुलता एक फर्जी एप बनवाया हुआ है। उस फर्जी एप को जेनुइन बातकर यह लोगों को धोखा दे रहे हैं। दोनों आरोपी अपने इस फर्जी एप से आईपीओ शेयर की खरीदारी करवाते रहे तथा इस फर्जी एप पर पैसे भी लेते रहे।

इस बात की जानकारी मिलने पर उसने जब खोजबीन की को पता चला कि स्टॉक एजेंट एक्सचेंज ने कभी भी उनकी कंपनी को आईपीओ तथा शेयर अलॉट नहीं किए हैं। पीड़ित ने अपने साथ हुई धोखाधड़ी से संबंधित दस्तावेज भी पुलिस को उपलब्ध कराए हैं थाना सूरजपुर प्रभारी ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच पड़ताल की जा रही है इस मामले में साइबर सेल की भी मदद ली जा रही है।

साइबर ठग ने ......

गाजियाबाद के आधार कार्ड पर चल रहा है। खुद के साथ ठगी होने का एहसास होने पर उसने इसकी शिकायत साइबर सेल से की। साइबर सेल ने जांच के बाद मामले को थाना कासना पुलिस के सुपुर्द कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

संदिग्ध परिस्थितियों में ....

उन्होंने जब सोनू में संजू से फोन पर बात की तो उन्होंने भी कोई जानकारी नहीं दी। रमेश ने दोनों युवकों पर अपनी बेटी को पहले फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना ईकोटेक 3 में हरिपुरा निवासी मनोज (काल्पनिक नाम) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बीते 25 नवंबर को उसकी 17 वर्षीय बेटी घर से लापता हो गई थी। इस संबंध में उसने अपनी बेटी की गुपचुप की थाने में दर्ज कराई थी। 28 दिसंबर को पुलिस ने उसे बरामद कर पर उनके हवाले कर दिया था। रात्रि के समय उसकी बेटी फिर घर से बिना बताए चली गई काफी तलाश में पर भी उसका कोई पता नहीं चला। पीड़ित की शिकायत पर थाना ईकोटेक तीन पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है।

वहीं थाना बिसरख में दिनेश (काल्पनिक नाम) ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी 15 वर्षीय बेटी 1 फरवरी को घर से स्कूल जाने के लिए निकली थी। इसके बाद वह घर वापस नहीं लौटी। स्कूल से घर वापस न लौटने पर पर जिन्होंने उसकी तलाश की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। पुलिस का कहना है की पीड़ित तो की शिकायत पर अपहरण का मामला दर्ज कर लापता की सूर्य की तलाश की जा रही है।

दम घुटने से ....

एक व्यक्ति ने सूचना दी कि उसके कमरे में किराए पर रहने वाला पीलीभीत निवासी पप्पू का दरवाजा अंदर से बंद है और व दरवाजा नहीं खोल रहा है। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह दरवाजा खोला तो अंदर पप्पू व उसका 4 माह का बेटा मृत पड़े हुए मिले। कमरे में पप्पू की पत्नी उजमा गंभीर हालत में बेहोश पड़ी हुई थी। जांच के दौरान पता चला कि ठंड से बचने के लिए इन्होंने कमरे में रसोई गैस जला रखी थी। कमरा बंद होने के कारण कार्बन मोनोऑक्साइड बन गई और पप्पू तथा उसके बेटे की मौत हो गई। गंभीर हालत में उजमा को उपचार के लिए जिम अस्पताल में भर्ती कराया गया उपचार के दौरान देर शाम उसका ने भी दम तोड़ दिया। थाना प्रभारी ने बताया की पोस्टमार्टम कराकर उसका के शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

तेंदुए की आहट से ...

मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। सूचना मिलने पर थाना बादलपुर पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों ने पुलिस को बताएं कि कुछ दिन पूर्व वेब सिटी में कुछ ग्रामीणों ने तेंदुओं को घूमते हुए देखा था। ग्रामीणों ने आशंका जताई कि संभावित तेंदुए ने ही गाय का शिकार किया है। थाना प्रभारी अमरेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत वन विभाग की टीम को सूचना दी गई मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने घटना स्थल के आसपास जानवर के पद चिन्हों की जांच पड़ताल की। वन विभाग की टीम ने बताया कि मौके से मिले पद चिन्ह तेंदुए के नहीं है। वन विभाग की टीम ने आशंका जताई कि किसी अन्य जंगली जानवर ने गाय पर हमला किया है। वन विभाग की टीम तेंदुए की बात से इनकार कर रही है लेकिन ग्रामीणों में तेंदुओं के लेकर खासा खौफ व्याप्त हो गया है।

विभिन्न स्थानों से 4 बाइक चोरी

नोएडा (चेतना मंच)। सेक्टर-62 मेट्रो स्टेशन की पार्किंग में खड़ी सीआईएसएफ के इंस्पेक्टर की बाइक पर चोरों ने हाथ साफ कर दिया। इसके अलावा चोरों ने अलग-अलग स्थान से तीन और बाइक चोरी कर ली।

सीआईएसएफ के इंस्पेक्टर शिवकुमार मौर्य ने थाना सेक्टर-63 में दर्ज कर रिपोर्ट में बताया कि वर्तमान में उनकी ड्यूटी मेट्रो के बीटा लाइन 1 पर लगी हुई है। 31 जनवरी की सुबह वह अपनी बाइक को सेक्टर 62 मेट्रो स्टेशन की स्टाफ पार्किंग में खड़ी करके अक्षरधाम मेट्रो स्टेशन की तरफ अपनी ड्यूटी पर चले गए दोपहर के समय सीआईएसएफ कर्मचारियों ने उन्हें फोन कर बताया कि उनकी बाइक पार्किंग में नहीं है। इंस्पेक्टर शिवकुमार मौर्य ने अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

वंदना एनक्लेव खोड़ा कॉलोनी गाजियाबाद निवासी कृष्ण कुमार ने थाना सेक्टर-49 में बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। कृष्ण कुमार का कहना है कि वह 26 जनवरी को शिवालिक अस्पताल आया था उसने अपनी बाइक अस्पताल के बाहर खड़ी कर दी और पर्ची से मिलने के लिए चला गया कुछ देर बाद जब वह वापस लौटा तो उसकी बाइक गायब थी।

सेक्टर-21 निवासी नरेश कुमार दुबे की बाइक सेक्टर-39 स्थित जिला अस्पताल के बाहर से चोरी हो गई नरेश कुमार दुबे ने थाना सेक्टर 39 पुलिस से की शिकायत में बताया कि बीते 2 फरवरी को वह अपनी बाइक से जिला अस्पताल आया था उसने अपनी बाइक अस्पताल के बाहर सड़क किनारे खड़ी कर दी कुछ देर बाद जब वह अस्पताल से वापस आया तो उसकी बाइक गायब थी।

थाना सेक्टर-126 में दिल्ली निवासी विशाल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसकी स्प्लेंडर बाइक सेक्टर 94 स्थित सुपरनोवा के बाहर से चोरी हो गई। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना संख्याः- ए.जी.सी.-ई.एल.जी.-टी.-37-2023-24 दिनांकः 31.01.2024

ई-निविदा सूचना

वरि0 मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), आगरा द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु केवल ऑन लाईन (E-Tendering) द्वारा खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रम सं: 01	टेन्डर नं0: AGC-ELG-T-37-2023-24

कार्य का नाम लोकेशन सहित एवं कार्य पूर्ण करने की अवधिः आगरा मंडलः-आगरा कैंट रेलवे स्टेशन के पीएफ नंबर 1 और पीएफ नंबर 2/3 पर-04 नग एस्केलेटर (मेक -ऑटोमीटर एलायंस लिमिटेड) का का वार्षिक रखरखाव अनुबंध (एएमसी) 36 महीने के लिए।

पूर्ण करने की अवधि -36 माह, **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 6007066.53/- (including GST) **पूरी जानकारी एवं टेन्डर में भाग हेतु** Indian Railways website **www.ireps.gov.in देखें। टेन्डरर्स केवल वेब पोरटल** Indian Railways website **www.ireps.gov.in पर 15:00 बजे तक दि0 21.02.2024 तक टेन्डर डाल सकते है।** 202/24(DG)

North central railways | @CPRONCR | @northcentralrailway | www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना सं. कानपुर वि.क.डिपो./2023-24/31 दिनांकः 31.01.2024

ई-प्रापण निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ सामग्री प्रबंधक ई.टी.डी./सी.एन.बी. निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदाये आमंत्रित करते हैं।

क्रं.	निविदा सं.	माल का विवरण	मात्रा
1	57235275	KNUCKLE FOR TIGHT LOCK COUPLER H-TYPE CBC ASSEMBLY FOR WAP-7 LOCOMOTIVE PART NO H50BE TO DRAWING NO C-50675 OF MECONWAY & TORELY. (ITEM SHOULD BE INTERCHANGEABLE WITH FAS MAKE H-TYPE TIGHT LOCK COUPLER).	08 Nos.
2	57245009	ROUND STEEL WIRE ROPE SIZE: 10 MM DIA CONSTRUCTION: 8*19(12/6+6F/1) WITH FIBER CORE, NOMINAL TENSILE STRENGTH: 1570 N/SQ. MM CONFIRMING TO IS -2365:197. Make -: Usha Martin, Bharat Wire Rope, Mahadev Wire Rope, Oren Wire Rope.	200 Mtrs.
3	57235381	SET OF SUNVISIOR ASSLY CONSISTING OF 02 ITEMS IN 04 NOS. i.e. 1. ROLLER BLIND 39 INCH FR ALM COMP ASSLY RH. QTY 02 NOS. 2. ROLLER BLIND 39 INCH FR ALM COMP ASSLY LH.QTY 02 NOS.	01 Set.
4	58235269	SET OF TUNGSREN CARBIDE TIP DEAD CENTER IN MT-4, MT-5, MT-6 TAPER. ONE SET CONSIST OF 03 NOS. AS EACH FROM MT-4, MT-5, MT-6. MAKE: TURNMAX, L&T, ABM OR SIMILAR	03 Set.
5	58235239	SINGLE CAR TEST RIG(SCTR) AS PER ATTACH SPECIFICATION.	01 Nos.
6	58245001	Bearing Ball 6309 RS1 Z/C3 HTS 1. Make: SKF (Imported)/FAG (Imported) or similar.	35 Nos.

निविदा खोलने की तिथिः 21.02.2024, बयाना राशिः NIL, **नोटः 1.** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण **IREPS** वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **2.** उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारुप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। वेंडरों को चाहिए कि वे अपने आपको आई टी एक्ट 2000 के अन्तर्गत CCA द्वारा जारी (Class III) डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ आईआरपीएस की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **3.** निविदा की दरें केवल डिजीटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फर्म लेटर हेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 196/24 (P)

North central railways | www.ncr.indianrailways.gov.in | @northcentralrailway | @CPRONCR

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना सं. 02HQWORKS2024
दिनांक 01.02.2024

प्रमुख मुख्य इंजीनियर, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए "खुली निविदा" ई-निविदा के माध्यम से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित करते हैं जो दिनांक 28.02.2024 को 15:00 बजे बन्द कर दी जायेगी। **क्र.सं. 1: कार्य का विवरणः** आरडीएसओ के नवीनतम विनिर्देशों के अनुसार एफबीडब्ल्यूपी/गोंडा/एन.ई. रेलवे पर मौजूदा रेल फ्लेश बट वेल्डिंग मशीन, स्ट्रिपिंग मशीन, डिजिटल माप प्रणाली के साथ प्री और पोस्ट स्ट्रेटनिंग प्रेस, मौजूदा मैनुअल सफाई इकाई के स्थान पर ऑटो सफाई इकाई सहित स्टेशनरी फ्लैश बट वेल्डिंग प्लांट को उन्नयन/प्रतिस्थापन का प्रावधान एवं अन्य कार्य इत्यादि। **मात्राः** As per Schedule; **अनुमानित लागतः** ₹26.06 करोड़ (रु० छब्बीस करोड़ छः लाख); **बयाना राशिः** ₹14,53,400/- (चौदह लाख तिरपन हजार चार सौ मात्र); **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** ₹0.00/-; **कार्य समापन अवधिः** 15 (पन्द्रह) माह। **1.** वेबसाइट पर अपलोड करने की तिथि- दिनांक 01.02.2024. **2.** निविदा बन्द होने की तिथि/समयः दिनांक 28.02.2024 को 15:00 बजे। **3.** विस्तृत निविदा सूचना, अर्हता शर्तें एवं अन्य शर्तें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। **4.** यदि किसी प्रकार की परेशानी हो तो IREPS के helpdesk अथवा अधिशासी इंजीनियर/रेलपथ - 9794840233 या सी०से०इंजी०/कम्प्यूटर - 9794840282 से सम्पर्क किया जाए।

अधिशासी इंजीनियर/रेलपथ
मुजाधि/डब्ल्यू-527 **गोरखपुर**

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

कार्यालय नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर)

पत्रांक: 2094/निर्माण/न0पा0परि0दा0/2023-24 दिनांक: 01.02.2024

ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर) द्वारा जिलाधिकारी महोदय, गौतमबुद्धनगर के पत्र सं0-27/एल0बी0सी0 दिनांक 24.01.2024 के क्रम में नगर पालिका परिषद, दादरी (गौतमबुद्धनगर) द्वारा विभिन्न वार्डो में 15वां वित्त आयोग निधि (अनटाईड ग्रान्ट) के अन्तर्गत 04 कार्य तथा अवस्थापना विकास निधि के अन्तर्गत 01 कार्य इस प्रकार कुल निर्माण/विकास कार्यो की संख्या-05 की ई-निविदा उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की बेवसाईट www.etender.up.nic.in के माध्यम से स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग/राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में ई0/डी0 श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप ठेकेदारों/फर्मो से प्रतिशत आधार दरों पर दिनांक 21.02.2024 को समय सांय 05:00 बजे तक ऑमत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए ई-निविदा दे सकता है। ई-निविदाओं का विस्तृत विवरण-निविदा प्रपत्र, निविदा शुल्क एवं नियम-शर्ते आदि उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की बेवसाईट www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगा। यदि ई-निविदा खोलने की तिथि को सक्षम अधिकारी की अनुपलब्ता होने के कारण या सार्वजनिक अवकाश घोषित होने पर ई-निविदा अगले कार्यदिवस में खोली जायेंगी।

निविदा की समय सारणी (www.etender.up.nic.in पर)		
1.	वेबसाइट पर ई-निविदा प्रकाशन की तिथि/समय	दिनांक 03.02.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे से
2.	ई-निविदा डाउनलोड/अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय	दिनांक 03.02.2024 को अपरान्ह 03:00 बजे से
3.	ई-निविदा डाउनलोड/अपलोड की अन्तिम तिथि/समय	दिनांक 21.02.2024 को सायं 05:00 बजे तक
4.	ई-निविदा की तकनीकी बिड खोलने की तिथि/समय	दिनांक 22.02.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे से

नोट :-ई-निविदा संशोधन की सूचना/जानकारी हेतु ई-प्रिक्योरमेन्ट की बेवसाईट www.etender.up.nic.in बेबसाईट को लगातार देखते रहें।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
दादरी, (गौतमबुद्धनगर)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
दादरी, (गौतमबुद्धनगर)

दैनिक चेतना मंच

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

बर्फ की चादर चीरते हुए चली ट्रेन, वीडियो हुआ वायरल



श्रीनगर। बर्फ को चीरते हुए एक ट्रेन पटरी पर चल रही है। आसपास बर्फ की सफेद चादर ने उसे और खूबसूरत बना दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो को खूब शेयर किया जा रहा है। यहां तक की खुद रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने अपने ट्विटर हैंडल पर वीडियो शेयर किया है। इसमें एक ट्रेन को क्षेत्र की बर्फीली घाटी से गुजरते हुए दिखाया गया है। इस वीडियो में आप जम्मू-कश्मीर के बनिहाल-बारामूला में बर्फ से लदी घाटी से गुजरती ट्रेन का एक मनोरम दृश्य देख सकते हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए रेल मंत्री ने कैप्शन में लिखा- कश्मीर की वादियों में स्नोफॉल। अगर आप भी इस मौसम में कहीं घूमने की योजना बना रहे हैं, तो बरामूला-बनिहाल खंड पर ट्रेन यात्रा आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकती है। यह यात्रा आपको न सिर्फ प्राकृतिक सौंदर्य से रूबरू कराएगी, बल्कि आपको घाटी में बर्फबारी का आनंद भी मिलेगा। दुनियाभर से पर्यटक कश्मीर घूमने की ख्वाहिश रखते हैं। यह जगह सर्दियों में और भी खूबसूरत हो जाती है जब यह क्षेत्र बर्फ की खूबसूरत सफेद चादर से ढक जाता है। इस अद्भुत दृश ?य की एक झलक पाने के लिए लोग वहां हफ्तों बिताना पसंद करते हैं। इन दिनों बड़ी संख्या में पर्यटक घाटी में बर्फबारी का आनंद उठाने के लिए पहुंच रहे हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर बर्फ के बीच ट्रेन गुजरने का वीडियो वायरल हो गया है। दूसरे सेक्टर्स की तरह अंतरिम बजट में रेलवे के लिए भी ऐलान किए गए हैं। अंतरिम बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि 3 प्रमुख आर्थिक रेल कॉरिडोर कार्यक्रम क्रियान्वित किए जाएंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि रेलवे कॉरिडोर प्रोग्राम की पहचान पीएम गति शक्ति के तहत की गई है।

संजय सिंह की याचिका पर ईडी जबाव दाखिल करे, सुनवाई आज

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने राज्यसभा सदस्य के रूप में शपथ लेने और मौजूदा संसद सत्र में भाग लेने के लिए अंतरिम जमानत की मांग करते हुए दिल्ली की एक अदालत का रुख किया। विशेष न्यायाधीश एम के नागपाल ने संजय की अर्जी पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नोटिस जारी कर केंद्रीय जांच एजेंसी को तीन फरवरी तक अपना जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया। सिंह ने अर्जी में 4 से 10 फरवरी तक अंतरिम जमानत का अनुरोध किया है। अदालत ने कहा, ''यह पाया गया है कि मुख्य मामला पहले से ही तीन फरवरी, 2024 को अदालत के समक्ष सुनवाई के लिए सूचीबद्ध हैज्इस अर्जी पर ईडी के जांच अधिकारी, विशेष लोक अभियोजक को नोटिस जारी किया जाता है। सिंह पिछले महीने दूसरे कार्यकाल के लिए दिल्ली से राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुने गए थे। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि सिंह ने अब रद्द हो चुकी दिल्ली आबकारी नीति 2021-22 के निर्माण और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे कुछ शराब निर्माताओं, थोक विक्रेताओं और खुदरा विक्रेताओं को आर्थिक लाभ हुआ। सिंह ने आरोपों से इनकार किया है। आप ने आरोप लगाया है कि उसके नेताओं को राजनीतिक प्रतिशोध के कारण निशाना बनाया जा रहा है।

12 फरवरी को बजट सत्र के पहले दिन विश्वास मत हासिल करेगी नीतिश सरकार

पटना। बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) 12 फरवरी को बजट सत्र के पहले दिन विश्वास मत हासिल करेगा। इस मामले पर एक संशोधित अधिसूचना से यह जानकारी मिली। इसके पहले, नीतिश सरकार 10 फरवरी को विश्वास मत हासिल करने वाली थी। हालांकि, एक नई अधिसूचना के अनुसार, सत्र अब 12 फरवरी से शुरू होगा जिसमें दोनों सदनों के सदस्यों के संयुक्त सत्र में राज्यपाल का संबोधन भी होगा। जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष नीतीश कुमार ने 28 जनवरी को नौवीं बार बिहार के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। कुमार ने महागठबंधन और विपक्षी गुट 'इंडिया' से नाता तोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ एक नयी सरकार बनाई। नए विधानसभाध्यक्ष का चुनाव भी 12 फरवरी को निर्धारित है और इसी दिन राज्य आर्थिक सर्वेक्षण भी पेश किया जाएगा। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अवध बिहारी चौधरी के स्थान पर नए विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा।

ज्ञानवापी विवाद पहुंचा इलाहाबाद हाईकोर्ट

वाराणसी। ज्ञानवापी तहखाने में हिन्दू पक्ष को पूजा की अनुमति के खिलाफ इंतजामिया कमेटी भी हाईकोर्ट पहुंच गई है। अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने ज्ञानवापी मस्जिद के दक्षिण पूर्वी तहखाने में वाराणसी जिला अदालत के मंदिर पक्ष को पूजा करने की अनुमति देने के आदेश के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में दाखिल की पुनरीक्षण याचिका दाखिल की है। हालांकि जिला जज के आदेश के बाद व्यास जी तहखाने में गुरुवार भोर से ही पूजा अर्चना शुरू हो गई है। जानकारी के अनुसार व्यास तहखाने में 5 बार आरती होगी और सुबह 3.30 पर मंगला आरती होगी। इसके बाद दोपहर भोग आरती होगी। इसके बाद दोपहर शाम 4 बजे, शाम 7 बजे आरती होगी। इसके बाद शयन आरती रात 10.30 पर होगी। गुरुवार को सुबह से ही आरती के साथ- साथ पूजा पाठ शुरू हो गया है। यहां हजारों की संख?या में श्रद्धालुओं ने भी दर्शन किए हैं। इसके लिए इंतजामिया मस्जिद कमेटी के अधिवक्ता सीनियर एडवोकेट सैयद फरमान अहमद नकवी ने अर्जी दाखिल की है। याचिका दाखिल कर जिला जज वाराणसी अजय कृष्ण विश्वेश के आदेश को चुनौती दी है। मस्जिद पक्ष की याचिका में जिला जज वाराणसी के आदेश पर रोक लगाने की मांग की है।

शिअद की पंजाब बचाओ यात्रा पर सीएम मान का तंज, पंजाब को डुबाने वाले पंजाब बचाओ यात्रा निकाल रहे

नई दिल्ली। पंजाब की प्रमुख विपक्षी पार्टी शिरोमणि अकाली दल की पंजाब बचाओ यात्रा एक फरवरी को अटारी में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर से शुरू किया गया। शिअद की पंजाब बचाओ यात्रा एक महीने तक चलेगी और राज्य के 43 जिलों को कवर करेगी। इस मौके पर पार्टी अध्यक्ष सरदार सुखबीर सिंह बादल ने श्रीअकाल तख्त साहिब पर माथा टेकने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ यात्रा शुरू की। वहीं यात्रा पर सवाल उठाकर प्रदेश के मुख्यमंभी भगवंत मान ने निशाना साधा है।

उन्होंने कहा कि पंजाब में 20 साल तक कैप्टन और बादल ही सत्ता में थे। कैप्टन का राज जाता था, तब बादल का राज आता था। बादल का राज जाता था, तब कैप्टन का आ जाता था। सीएम मान ने कहा, इनकी सत्ता ने लोगों के चेहरे से नूरी उड़ाकर रख दी, लोग रोजगार की तलाश में बाहर जाने लगे, इन्होंने बारी बांट रखी थी 5-5 साल प्रदेश को लूटने की। वहां आज पंजाब बचाओ यात्रा निकाल रहे हैं। पंजाब को डुबाने वाले आज पंजाब बचाओ यात्रा निकाल रहे हैं। हम पंजाब को किससे बचाएं? लुटा तब आपने है। मैं सांसद था उस टाइम से कह रहा हूं कि अच्छे-बुरे को पहचानो। बता दें कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने अलग-अलग सरकारी विभागों में भर्ती के लिए 518 युवक-युवतियों को नियुक्ति पत्र बांटे। वहीं सीएम मान ने पंजाब के युवाओं को अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने की भी सलाह दी उन्होंने कहा कि सरकार आपकी हरसंभव मदद करेगी। उन्होंने कहा कि अब तक 664 आम आदमी क्लीनिक से दवा लेकर 1 करोड़ लोग ठीक हो चुके हैं। 150 और क्लीनिक तैयार हैं। इसके साथ ही 13 और स्कूल ऑफ एमिनेंस 20 फरवरी तक तैयार हो जाएंगे। अब स्कूल, अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और उप-तहसील उद्घाटन हो रहे हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि आपने एक ईमानदार सरकार चुनी है।

400 से अधिक धाराएं... उत्तराखंड में यूसीसी लागू करने की तैयारी

देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड में यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू करने की दिशा में अहम प्रगति हुई है। मुख्य सेवक सदन में आयोजित कार्यक्रम में यूसीसी समिति की अध्यक्ष न्यायमूर्ति रंजना प्रकाश देसाई ने मसौदा समिति के सदस्यों के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को यूसीसी मसौदा रिपोर्ट सौंपी।

धामी सरकार ने यूसीसी के लिए 27 मई 2022 को पांच सदस्यीय कमेटी का गठन किया था। ड्राफ्ट मिलने के बाद अब धामी सरकार शनिवार को होने वाली कैबिनेट मे मंजूरी देगी। माना जा रहा है कि धामी सरकार 6 फरवरी को यूसीसी को विधेयक के रूप में विधानसभा में पेश कर सकती है। देहरादून में यूसीसी कार्यालय पिछले तीन दिनों से प्रतिदिन 15 घंटे से अधिक काम कर रहा है। समिति के सदस्य दिन-रात रिपोर्ट तैयार करने में सक्रिय हैं। सूत्रों का कहना है कि मसौदे में 400 से अधिक धाराएं शामिल हो सकती हैं, जिसका लक्ष्य पारंपरिक रीति-रिवाजों से उत्पन्न होने वाली विसंगतियों को खत्म करना है।

मार्च 2022 में धामी सरकार गठन के तत्काल बाद मंत्रिमंडल की पहली बैठक में ही यूसीसी का मसौदा तैयार करने के लिए विशेषज्ञ समिति के गठन को मंजूरी दे दी गई

थी। बैठक बाद में सुप्रीम कोर्ट की सेवानिवृत्त न्यायाधीश रंजना प्रकाश देसाई की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया था। अगर लागू हुआ तब उत्तराखंड आजादी के बाद यूसीसी लागू करने वाला देश का पहला राज्य होगा। गोवा में पुर्तगाली शासन के दिनों से ही यूसीसी लागू है।

यूसीसी के तहत प्रदेश में सभी नागरिकों के लिए एकसमान विवाह, तलाक, जमीन, संपत्ति और उत्तराधिकार के कानून लागू होने वाले हैं, चाहे वे किसी भी धर्म को मानने वाले हों। सेवानिवृत्त न्यायाधीश देसाई के अलावा यूसीसी विशेषज्ञ समिति में सेवानिवृत्त न्यायाधीश प्रमोद कोहली, सामाजिक कार्यकर्ता मनु गौड़, उत्तराखंड के पूर्व मुख्य सचिव शत्रुघ्न सिंह और दून विश्वविद्यालय की उप कुलपति सुरेखा डंगवाल भी शामिल हैं। इस समिति को कुल चार विस्तार भी दिए गए जिसमें से अंतिम बार इस जनवरी में 15 दिनों के लिए दिया गया।

दुनिया के ये पांच नास्तिक देश, शीर्ष स्थान पर भारत का पड़ोसी

नई दिल्ली। अयोध्या में राम मंदिर बनने के साथ ही हिन्दू धर्म के लोगों में एक अलग ही उत्साह दिख रहा है। लोग अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन के लिए बेताब दिख रहे हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि दुनिया में कई देश हैं, जहां के लोग भगवान, को नहीं मानते। उन्हें इन पर कोई भरोसा नहीं। इन्हें सबसे नास्तिक देश माना गया है।

सबसे नास्तिक देश की बात करें तब पहले नंबर पर चीन आता है। वर्ल्ड जनसंख्या सर्वे 2023 के मुताबिक, यहां 91 फीसदी आबादी ईश्वर को नहीं मानती। कोई धर्म फॉलो नहीं करती। एक सर्वे में 61 फीसदी चीनि?यों ने ईश्वर के अस्तित्व को ही नकार दिया। वहीं, 29 फीसदी ने खुद को नास्तिक बताया। यहां पूर्वजों की शिक्षा का अनुसरण करने की परंपरा।

जापान दूसरे नंबर पर आता है। यहां 86 फीसदी लोग कि?सी धर्म को नहीं मानते और खुद को नास्तिक बताते हैं। 29 फीसदी लोगों का कहना है कि ईश्वर, गॉड या भगवान जैसी कोई चीज नहीं होती। यहां के लोग शिंतो धर्म का अनुसरण करते हैं। शिंतोइज्म को मानने वाले लोग ईश्वर जैसे दिव्य शक्ति में यकीन नहीं करते। स्वीडन नास्तिक देशों में तीसरे नंबर पर आता है। यहां के 78 फीसदी लोगों का किसी धर्म और किसी भगवान में कोई भरोसा नहीं। यहां बीते कुछ वर्षों में सेकुलरिज्म तेजी से बढ़ा है। सिर्फ 8 फीसदी लोग ही किसी धार्मिक संस्था से जुड़े हुए हैं। चौथे नंबर पर चेक गणराज्य है। यहां नास्तिकता 19वीं सदी से चली आ रही है, जब कम्युनिस्ट शासन के दौरान स्वतंत्र विचार में ज?यादा विकास देखा गया। सूची में पांचवें नबर पर ब्रिटेन है। यहां के 72 फीसदी लोगों ने खुद को अधार्मिक बताया। 13 फीसदी लोग हैं, जो खुद को नास्तिक मानते हैं। यहां नास्तिकता यूरोप के अन्य देशों की तुलना में कहीं ज्यादा है।

वाम दलों ने हजारों लोगों की हत्या की, मैं उनके साथ कभी गठबंधन नहीं करुंगी : ममता बनर्जी

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडिया गठबंधन में शामिल वाम दलों के खिलाफ ममता बनर्जी के तेवर शांत नहीं हो रहे हैं। जिसके बाद इंडिया गठबंधन में टूट की आशंका बढ़ गई है। टीएमसी प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी समान विचारधारा वाले क्षेत्रीय सहयोगियों के साथ मिलकर केंद्र से मोदी सरकार को बेदखल करने के लिए तैयार है। हालांकि, उन्होंने भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) या सीपीआई (एम) के साथ गठबंधन से इंकार किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में अपने शासन के दौरान विपक्षी कार्यकर्ताओं की हत्याएं कराने के लिए सीपीआई (एम) जिम्मेदार थी।

उन्होंने कहा, मैं आप सभी को आश्वस्त कर सकती हूं कि हम दिल्ली में सरकार बनाएंगे। हम केंद्र में सरकार कैसे बनाएंगे, यह हम लोकसभा चुनाव के बाद समान विचारधारा वाले क्षेत्रीय दलों के साथ बातचीत के माध्यम से तय होगा।

वामदलों के साथ गठबंधन से इंकार कर उन्होंने कहा, सीपीआई (एम) ने सत्ता में रहकर लाखों लोगों की हत्या की थी। उन्होंने कई लोगों की जान ले ली और कई घरों को तबाह कर दिया। उन्होंने सिंगूर में तापसी मलिक को जिंदा जला दिया। लोगों को आग लगा दी गई और उनके शवों को नंदीग्राम की हल्दी नदी में फेंक दिया गया। हम कभी भी सीपीआई (एम) के साथ गठबंधन में नहीं जाएंगे।

ममता ने पहले कांग्रेस के साथ गठबंधन करने से इंकार कर कहा था कि उनकी पार्टी राज्य में अपने दम पर चुनाव लड़ने और भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को हराने में काफी सक्षम है। वहीं, टीएमसी नेता और ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी ने कांग्रेस पर उंगली उठाकर सीट-बंटवारे की चर्चा में विफलता के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया। बता दें कि विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए सीट-बंटवारे के एजेंडे पर विचार-विमर्श करने के लिए दिल्ली में हाल ही में बैठक की थी। बैठक में कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, राकांपा प्रमुख शरद पवार, द्रमुक नेता टीआर बालू और सीपीआई (एम) नेता सीताराम येचुरी शामिल थे। ममता बनर्जी ने खुद को कांग्रेस से दूर कर लिया है।

नौकरी के लिए इजरायल जाने का उत्साह, लग गईं लंबी कतारें

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत में बढ़ती बेरोजगारी का ही परिणाम है की युवा अपनी जान जोखिम में डालकर इजरायल में नौकरी करने के लिए उत्साहित हो रहे हैं। वजह ये है कि भारत में नौकरियों का टोटा है और जो निजी क्षेत्र में काम कर रहे हैं उनके वेतन से घर नहीं चल सकता। ऐसी ही मजबूरी के चलते युवा इजरायल में नौकरी हासिल करने के लिए ये मौका गंवाना नहीं चाहते है।हमास के साथ जारी जंग के बीच इजरायल ने बड़ी संख्या में नौकरियां निकाली हैं। इजरायल ने अच्छी तनख्वाह और सुविधाओं का ऑफर दिया है। देशभर के लोग इन भर्तियों में भाग लेने के लिए पहुंच रहे हैं।भर्ती केंद्रों के बाहर हजारों की भीड़ देखी जा रही है। एनएसडीसीआई यानी राष्ट्रीय कौशल विकास निगम इंटरनेशनल की ओर से यह भर्ती अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक 31 जनवरी तक ही 5600 से ज्यादा लोगों की भर्ती पूरी हो चुकी है। इजरायल ने 10 हजार कुशल कामगारों की मांग की थी।

रिपोर्ट के मुताबिक एक शख्स ने कहा कि वह इस समय 12 घंटे काम करके भी बमुश्किल 100 रुपये कमा पाता है। ऐसे में इजरायल की नौकरी उसके बड़े काम की है। उन्होंने कहा कि भारत के लोगों के लिए यह बड़ा अवसर है। विदेश में इतनी अच्छी सैलरी पर काम करके वह कई काम निपटा सकता है। उसको अपनी तीन बहनों की शादी भी करनी है। भर्ती प्रक्रिया में शामिल एक अधिकारी के मुताबिक प्लास्टरिंग, बार बेंडिंग, टाइल रिपेयर और कारपेंट्री जैसे कामों के लिए स्किल टेस्ट लिया जा रहा है। बता दें कि युद्ध की वजह से इजरायल में कामगारों की कमी हो गई है। ऐसे में उसने भारत से लोगों को भेजने का आग्रह किया था। अब भर्ती की कतार में हरियाणा, पंजाब, यूपी, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश के हजारों लोग नजर आ रहे हैं। रोहतक के भर्ती केंद्र पर भी लोगों की लंबी कतारें लगी हैं। यहां आए लोगों को कहना है कि इस नौकरी के लिए वह अपनी जान को हथेली पर रखकर भी जाने को तैयार हैं।

इजरायल की यह फर्ती बार बेंडर, राजमिस्त्री, मार्बल मिस्त्री, स्टटरिंग कारपेंटर जैसे कामों के लिए निकाली गई है। इसमें वेतन 1.37 रुपये मासिक होगा। इसके अलावा चिकित्सा बीमा, भोजन और रहने का इंतजाम भी किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक सभी को प्रति माह 16515 रुपये का बोनस भी मिलेगा। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भारत सिर्फ इजरायल ही नहीं बल्कि अन्य देशों को भी कुशल कामगार उपलब्ध करवाने को तैयार है। बता दें कि हमास से जंग के बीच इजरायल ने बड़ी संख्या में फिलिस्तीनियों का वर्क परमिट रद्द कर दिया है।

पीएम मोदी से मिले आचार्य कृष्णम, श्री कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह के लिए किया आमंत्रित

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के करीबी आचार्य प्रमोद कृष्णम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात कर उन्हें उत्तर प्रदेश के संभल में 19 फरवरी को आयोजित होने वाले श्री कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह के लिए आमंत्रित किया। पीएम मोदी से मुलाकात करने के बाद आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा, मुझे 19 फरवरी को होने वाले श्री कल्कि धाम के शिलान्यास समारोह में प्रधानमंत्री मोदी को आमंत्रित करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस स्वीकार करने के लिए प्रधानमंत्री जी का हृदय से आभार एवं धन्यवाद। कांग्रेस नेता के पोस्ट का जवाब देकर पीएम मोदी ने कहा, आस्था और भक्ति से जुड़े इस पवित्र अवसर का हिस्सा बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। आमंत्रण देने के लिए आपका हृदय से आभार आचार्य प्रमोद जी। कृष्णम ने 2019 का लोकसभा चुनाव कांग्रेस के टिकट पर लखनऊ से लड़ा था, लेकिन वह हार गए थे। पिछले कुछ समय से वह कांग्रेस नेतृत्व के कुछ फैसलों की आलोचना कर रहे हैं। कृष्णम ने 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में कांग्रेस नेताओं के भाग नहीं लेने के फैसले की भी आलोचना की है।

कश्मीर में पारा लुढ़का, कुछ कस्बों में दर्ज की गई 16 वर्षों की सबसे सर्द रात

श्रीनगर (एजेंसी)। कश्मीर में अनेक स्थानों पर बृहस्पतिवार रात को न्यूनतम तापमान में गिरावट दर्ज की गई और कुछ कस्बों में यह बीते 16 वर्षों की सबसे सर्द रात रही।अधिकारियों ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि उत्तरी कश्मीर के गुलमर्ग स्की रिसॉर्ट में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया जो एक रात पहले दर्ज किये गये न्यूनतम तापमान (शून्य से नीचे 7.6 डिग्री सेल्सियस) से चार डिग्री से भी अधिक कम है। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम पर्यटन रिसॉर्ट में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 11.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि दक्षिण कश्मीर के कोकेरनाग और काजीगुंड दोनों शहरों में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जम्मू कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 0.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। श्रीनगर में भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अधिकारी घाटी में केवल छह प्रमुख मौसम केंद्रों के आंकड़ें जारी करते हैं। वहीं, मौसम का पूर्वानुमान जारी करने वाली निजी संस्था ने दावा किया कि कश्मीर में कोकेरनाग का लारनू सबसे ठंडा स्थान रहा जहां तापमान शून्य से नीचे 17.1 डिग्री सेल्सियस रहा। इसके बाद सबसे ठंडा स्थान श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर सोनमर्ग रिसॉर्ट था जहां न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 15.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

ईडी के पांचवे समन के बाद भी हाजिर होने को तैयार नहीं हैं केजरीवाल

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल लगातार ईडी के समन की अनदेखी कर रहे हैं। उन्हे पांचवी बार नोटिस दिया गया है लेकिन वे ईडी का सामना करने से बच रहे हैं।

दिल्ली शराब कांड में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज यानी 2 फरवरी को भी ईडी के सामने पेश नहीं होंगे। आम आदमी पार्टी ने लिखित बयान जारी कर स्पष्ट कर दिया है कि अरविंद केजरीवाल आज भी ईडी दफ्तर पूछताछ में शामिल होने नहीं जाएंगे। आम आदमी पार्टी ने ईडी के समन को गैर कानूनी बताया और कहा कि हम कानूनी रूप से सही समन की तामील करेंगे। इससे पहले भी चार समन को वह इग्नोर कर चुके हैं।

सीएम अरविंद केजरीवाल, पिछले साल दो नवंबर, 21 दिसंबर और इस साल तीन जनवरी तथा 18 जनवरी को ईडी के समक्ष उपस्थित होने के लिए जारी उसके समन को टाल चुके हैं। आम आदमी पार्टी ने कहा है कि उसकी कानूनी टीम धन शोधन मामले से जुड़ी आबकारी नीति के सिलसिले में केजरीवाल को जारी समन का अध्ययन कर रही है। इस बीच चंडीगढ़ महापौर चुनाव में कथित धांधली के विरोध में अरविंद केजरीवाल, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन में हिस्सा लेने वाले हैं। पिछले चार समन को इग्नोर करने वाले अरविंद केजरीवाल ने जांच एजेंसी के इन नोटिस को दिल्ली के मुख्यमंत्री ने 'अवैध' करार दिया था. आरोप है कि शराब व्यापारियों को लाइसेंस देने के लिए दिल्ली सरकार की 2021-22 की आबकारी नीति में कुछ शराब कारोबारियों को फायदा पहुंचाया गया, जिन्होंने कथित तौर पर इसके लिए रिश्वत दी थी। हालांकि, आम आदमी पार्टी आरोपों का बार-बार इसका खंडन करती रही है। बाद में इस नीति को वापस ले लिया गया और दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से कराने की सिफारिश की थी । इसके बाद ईडी ने धन शोधन रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामला दर्ज किया था।बता दें कि ईडी यानी प्रवर्तन निदेशालय ने बुधवार को अरविंद केजरीवाल को एक नया और पांचवां समन जारी किया था। इससे पहले पिछले चार महीनों में वह संघीय एजेंसी द्वारा चार समन को टाल चुके हैं। हालांकि, आम आदमी पार्टी इस बारे में चुप्पी साधी हुई है कि क्या दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आज जांच एजेंसी के समक्ष उपस्थित होंगे. वहीं पार्टी सूत्रों ने बताया कि इस बार भी समन टाले जाने की संभावना है।

झामुमो के सांसद का दावा-भाजपा से मिले ऑफर को ठुकराने का नतीजा है हेमंत का जेल जाना

दुमका (एजेंसी)। झारखंड मुक्ति मोर्चा के सांसद विजय हांसदा ने बड़ा दावा किया है। उनका कहना है कि पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल में सिर्फ इसलिए डाल दिया गया कि उन्होंने भाजपा के ऑफर को ठुकरा दिया था। हालांकि बड़ी बात ये है कि झारखंड की जनता काफी समझदार है,वो सभी तरह की साजिश को समझती है इसलिए जितने ज्यादा दिन उन्हे जेल में रखा जाएगा उतना ही भाजपा को नुकसान होगा। झारखंड मुक्ति मोर्चा का जन्म ही आंदोलन से हुआ है। इसलिए यहां हर एक झारखंडी टेंपरामेंट रखता है।

सांसद ने आगे कहा कि अभी के राजनीतिक हालात में उन्हें पूर्व प्रधानमंत्री स्व।अटल बिहारी वाजपेयी की वह पंक्तियां याद आ रही हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि आज हम संख्या में कम हैं तो हम पर हंसा जा रहा है। सत्ता मद में चूर भाजपा की वर्तमान सरकार स्व।अटल की यह वाणी को भूलकर आज संख्या बल के दबिश पर दबाव, पेशकश और जनमत की चुनी हुई सरकारों को धोखे से गिराकर सत्ता हथियाने में जुटी है। उन्होंने कहा कि देश की जनता यह सब देख रही है और समझ भी रही है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यह दिखा दिया है कि कम संख्या बल है तो क्या वह झारखंडी और आदिवासी का टेंपरामेंट रखते हैं। विजय हांसदा ने कहा कि आज वह भले ही हम पर हंस रहे हैं, लेकिन फिर वक्त बदलेगा और प्रजातंत्र कायम होगा। हेमंत को ईडी जितना दिन बंद रखेगी उसका उतना ही व्यापक खामियाजा आने वाले चुनाव में भाजपा को भुगतना होगा।

झामुमो के 45वें स्थापना दिवस के लिए दुमका का गांधी मैदान सज-धज कर तैयार हो चुका है। पूरे मैदान को दुल्हन की तरह सजाया गया है। ईडी का मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर शिकंजा कसे जाने के बाद कार्यकर्ताओं में मायूसी है, लेकिन उनके उत्साह में कोई कमी नहीं दिख रही है। इस बार झामुमो नेता हेमंत सोरेन की अनुपस्थिति में स्थापना दिवस की रैली सांसद विजय हांसदा, पूर्व विधायक शशांक शेखर भोक्ता की अगुवाई में पार्टी के नेता व कार्यकर्ताओं की रैली पारंपरिक वेशभूषा व ढोल-टमाके के साथ एसपी कॉलेज मैदान से निकलेगी। शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए यह रैली दुमका के गांधी मैदान में आकर सभा में तब्दील हो जाएगी। इस मौके पर पूर्व विधायक, पूर्व सांसद, संताल परगना के सभी जिला अध्यक्ष, सचिव समेत पार्टी पदाधिकारी के अलावा ग्राम प्रधान, मुखिया, परगनैत, गुड़ित, पराणिक समेत परंपरागत शासन व्यवस्था के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम के शहीदों की वेदी पर श्रद्धांजलि व स्थानीय कलाकारों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।

झामुमो नेता व पूर्व स्पीकर शशांक शेखर भोक्ता गांधी मैदान पहुंचे और पूरी तैयारियों का जायजा लेने के बाद कहा कि झामुमो इस माटी की पार्टी है। केंद्र व भाजपा की साजिश को पूरे देश की जनता देख रही है। ईडी की कार्रवाई से पार्टी कार्यकर्ता हतोत्साहित होने के बजाए ज्यादा उत्साहित हैं। इनका उत्साह दो फरवरी को गांधी मैदान में दिखेगा। सांसद विजय हांसदा ने

कहा कि इस बार का दो फरवरी ऐतिहासिक होगी। झामुमो अपने पुराने तेवर में स्थापना दिवस मनाएगा। पार्टी सुप्रीमो शिबू सोरेन के संदेशों को सुनेंगे और संकल्प लेकर ही वापस लौटेंगे। विजय ने कहा कि पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता हेमंत सोरेन है। उन्हें यह एहसास है कि राजनीति विद्वेष कर झामुमो पर प्रहार किया जा रहा है। उनके नेता हेमंत सोरेन को कानूनी दांव-पेंच में फंसा कर आदिवासी, मूलवासी, गरीब-गुरबों से दूर करने की कोशिश की जा रही है।

भारत- इंग्लैंड दूसरा टेस्ट : यशस्वी के शतक से भारतीय टीम ने बनाये 336/6

विशाखापत्तनम (एजेंसी)। विशाखापत्तनम (ईएमएस)। यशस्वी जायसवाल के शानदार शतक से भारतीय टीम ने आज यहां इंग्लैंड के खिलाफ शुरु हुए दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के पहले दिन अपनी पहली पारी में छह विकेट पर 336 रन बना लिए थे। दिन का खेल समाप्त होने के समय यशस्वी जायसवाल नाबाद 179 और आर अश्विन पांच रनों पर खेल रहे थे। इससे पहले आज सुबह भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने शुरुआती दो विकेट 82 रन पर ही खो दिये। कप्तान रोहित शर्मा 14 जबकि शुभमन गिल 34 रनों पर आउट हुए, श्रेयस अय्यर ने 27 रन बनाये जबकि अपना पहला टेस्ट खेल रहे रजत पाटीदार 32 रन ही बना पाये। अक्षर पटेल 27 और के एस भरत 17 रन पर आउट हुए। वहीं इंग्लैंड की ओर से एंडरसन ने एक जबकि शोएब बशीर और रेहान अहमद ने दो-दो जबकि जेम्स एंडरसन और टाम हार्टले ने एक-एक विकेट लिया।

भारतीय टीम इस मैच में तीन बदलावों के साथ उतरी। चोटिल केएल राहुल की जगह पर बल्लेबाज रजत पाटीदार को शामिल किया है। इस मैच से रजत ने अपना टेस्ट डेब्यू किया है। वहीं तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज को आराम देते हुए उनकी जगह पर युवा गेंदबाज मुकेश कुमार को अवसर दिया गया है जबकि रविन्द्र जडेज की जगह पर कुलदीप यादव को शामिल किया गया। इस मैच के लिए चयनकर्ताओं ने टीम में सरफराज खान, वाशिंगटन सुंदर और सौरव कुमार को शामिल किया था। इस मैच में भारतीय पारी का आकर्षण युवा बल्लेबाज यशस्वी की शतकीय पारी रही।

यशस्वी ने 151 गेंदों पर 11 चौकों और तीन छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया। इस पारी के साथ ही इस युवा बल्लेबाज ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने एक हजार रन भी पूरे कर लिए। इस दौरान उनका टेस्ट का औसत 45 और स्ट्राइक रेट 60 का रहा है।

यशस्वी ने टॉम हार्टली की गेंद पर छक्का लगाकर अपना शतक पूरा किया। उन्होंने अपना पहला टेस्ट शतक गत वर्ष वेस्टइंडीज दौर में लगाया था। तब यशस्वी ने 171 रन बनाये थे। यशस्वी ने शतक लगाकर भारतीय टीम को भी संभाला क्योंकि कप्तान रोहित शर्मा 14 और शुभमन गिल 34 रनों पर ही आउट हो गये थे और टीम संकट में फंसती नजर आ रही थी। उन्होंने पहले विकेट के लिए कप्तान रोहित के साथ मिलकर 40 रन और शुभमन के साथ 49 रन, और तीसरे विकेट के लिए श्रेयस अय्यर के साथ 90 रन बनाये। इससे भारतीय टीम 300 रनों से ऊपर पहुंचने में सफल रही।

यशस्वी ने अपना दूसरा शतक लगाया, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक हजार रन भी पूरे किये

विशाखापत्तनम । भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच की पहली पारी में शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतक लगाया है। ये यशस्वी के टेस्ट करियर का दूसरा वहीं इंग्लैंड के खिलाफ पहला शतक है। यशस्वी ने 151 गेंदों पर 11 चौकों और तीन छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया। इस पारी के साथ ही इस युवा बल्लेबाज ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपने एक हजार रन भी पूरे कर लिए। इस दौरान उनका टेस्ट का औसत 45 और स्ट्राइक रेट 60 का रहा है। यशस्वी ने टॉम हार्टली की गेंद पर छक्का लगाकर अपना शतक पूरा किया। उन्होंने अपना पहला टेस्ट शतक गत वर्ष वेस्टइंडीज दौर में लगाया था। तब यशस्वी ने 171 रन बनाये थे। यशस्वी ने शतक लगाकर भारतीय टीम को भी संभाला क्योंकि कप्तान रोहित शर्मा 14 और शुभमन गिल 34 रनों पर ही आउट हो गये थे और टीम संकट में फंसती नजर आ रही थी। उन्होंने पहले विकेट के लिए कप्तान रोहित के साथ मिलकर 40 रन और शुभमन के साथ 49 रन, और तीसरे विकेट के लिए श्रेयस अय्यर के साथ 90 रन बनाये। इससे भारतीय टीम 300 रनों से ऊपर पहुंचने में सफल रही।

ऋषभ, शमी सहित इन खिलाड़ियों का आईपीएल में खेलना संदिग्ध

मुम्बई (एजेंसी)। अगले माह मार्च में होने जा रहे आईपीएल में प्रशंसकों को एक बार फिर फटाफट क्रिकेट का रोमांच देखने को मिलेगा हालांकि आईपीएल के इस 17 वें सत्र में कई बड़े खिलाड़ियों के खेलने पर अभी भी संदेह बना हुआ है। इसमें तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और सूर्यकुमार यादव भी हैं ये दोनो ही अभी चोटिल हैं और इसी कारण टीम से बाहर हैं। इसके अलावा कार हादसे के बाद से ही टीम से बाहर चल रहे आक्रामक विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की वापसी भी तय नजर नहीं आती है। ऋषभ आईपीएल से वापसी के लिए अभ्यास में लगे हुए हैं। आईपीएल 22 मार्च से शुरु हो रहा है। ऐसी संभावना है कि कुछ खिलाड़ी इस आईपीएल सत्र के शुरुआती मैचों से बाहर रहेंगे जबकि कुछ को पूरे सत्र से ही बाहर रहना पड़ सकता है।

ऋषभ पंत

दिल्ली कैप्टिलस के कप्तान ऋषभ पिछले एक साल से अधिक समय से खेल के मैदान से दूर है। कैपिटल्स को इस बल्लेबाज के खेलने की उम्मीद है पर जिस प्रकार से उनकी रिकवरी चल रही है उसको देखते हुए उनका खेलना तय नजर नहीं आत है। ये भी हो सकता है कि वह शुरुआती मैच नहीं खेल पायें।

मोहम्मद शमी

गुजरात टाइटंस की टीम में शामिल मोहम्मद शमी को हाल ही में चोट लग गई थी और उसके बाद से वह फिट होने के लिए रिहैब के दौर से गुजर रहे हैं। इसी कारण वह भारतीय टीम से भी बाहर हैं। दक्षिण अफ्रीका सीरीज के बाद वह इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर हैं। शमी ने आईपीएल 2023 में सबसे ज्यादा विकेट लिए थे। ऐसे में अगर वह नहीं खेल पाते हैं तो ये गुजरात के लिए करारा झटका होगा।

सूर्यकुमार यादव

मुंबई इंडियंस की टीम में शामिल आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव पैर की चोट के कारण टीम इंडिया से बाहर हैं। वह अफगानिस्तान के साथ सीरीज से भी बाहर रहे थे। सूर्यकुमार यादव को अभी भी कम से कम दो महीने के आराम की आवश्यकता होगी, ऐसे में तय है कि वह शुरुआती मैच न खेल पायें।

राशिद खान

गुजरात टाइंटस टीम में शामिल अफगानिस्तान के स्टार स्पिनर राशिद खान की हाल ही में सर्जरी हुई थी जिससे उबरने में उन्हें समय लगेगा। इसी कारण वह भारत और अफगानिस्तान के बीच टी20 सीरीज भी नहीं खेल पाये थे। राशिद आगामी पीएसएल 2024 में भी नहीं खेलेंगे। ऐसे में उनका आईपीएल 2024 में भी खेलना बेहद संदिग्ध नजर आता है।

हार्दिक पंड्या

मुंबई इंडियंस के ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या भी फिटनेस की समस्या से जूझ रहे हैं, इसी कारण वह भारतीय टीम से भी बाहर हैं। उन्होंने अपना अंतिम मैच विश्व कप में खेला था जिसमें उन्हें चोट लग गई थी। उसी के बाद से ही वह वापसी नहीं कर पाये हैं। आगामी टी20 विश्वकप को देखते हुए वह बेहद अहम खिलाड़ी रहेंगे। ऐसे में उन्हें आईपीएल में उतारकर बीसीसीआई कोई जोखिम नहीं लेना चाहेगा।

जडेजा तीसरा टेस्ट भी शायद ही खेल पायें

बेंगलुरु (एजेंसी)। ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा का इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में भी खेलना तय नहीं है। जडेजा को हैदराबाद में खेले गए पहले टेस्ट के दौरान हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था। इसी कारण वह आज से शुरु हुए दूसरे टेस्ट से भी बाहर हैं। जडेजा अभी यहां राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में अपने इलाज और पुनर्वास के दौर से गुजर रहे हैं। जडेजा के अलावा केएल राहुल भी जांच में खिंचाव के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर हैं। हैदराबाद में पहले टेस्ट के चौथे दिन खेल के दौरान जडेजा को हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आया था जबकि राहुल की दायीं जांच में खिंचाव आया था। बीसीसीआई की मेडिकल टीम दोनो का ही उपचार कर रही है। जडेजा की चोट को लेकर टीम प्रबंधन कोई जोखिम मोल नहीं लेना चाहता है। इसी लिए उन्हें तीसरे टेस्ट से भी हटा लिया गया है। वहीं राहुल सुधार होने पर होने पर तीसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध रहेंगे। वहीं तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की वापसी की भी संभावना नहीं है क्योंकि वह अभी तक चोट से उभर नहीं पाए हैं। जडेजा गेंदबाजी के साथ ही शानदार बल्लेबाज भी करते हैं। इसके अलावा वह एक बेहतरीन क्षेत्ररक्षक हैं। ऐसे में उनका बाहर होना टीम के लिए करारा झटका है। तीसरा टेस्ट राजकोट में होना है जोकि जडेजा का घरेलू मैदान है पर वह अपने घरेलू दर्शकों के सामने खेल नहीं पाएंगे।

ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को 8 विकेट से दी मात, डेब्यू मैच में जेवियर बार्टलेट ने झटके 4 विकेट

खेल डैस्क (एजेंसी)। तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट ने अपने पहले वनडे मैच में 17 रन देकर चार विकेट चटकाये जिससे ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज के शुरुआती वनडे में शुक्रवार को यहां 69 गेंद शेष रहते हुए वेस्टइंडीज को आठ विकेट से शिकस्त दी। एक दिन पहले कोविड-19 जांच में मामूली रूप से संक्रमित पाए गये जोश इंग्लिस ने 43 गेंदों में 65 रनों की आक्रामक पारी खेली। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर वेस्टइंडीज की टीम 48.4 ओवरों में 231 रन पर आउट हो गई। बार्टलेट ने अपने शुरुआती स्पैल में तीन विकेट झटके जिससे वेस्टइंडीज ने 59 रन तक चार विकेट गंवा दिया। ऑस्ट्रेलिया के लिए यह पदार्पण मैच में किसी गेंदबाज का दूसरा सबसे अच्छा एकदिवसीय आंकड़ा है। इंग्लिस की आक्रामक पारी के बाद कप्तान स्टीव स्मिथ (नाबाद 79) और कैमरून ग्रीन (नाबाद 77) के शानदार नाबाद

अर्धशतकों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने 38.3 ओवर में दो विकेट पर 232 रन का स्कोर बना लिया। बार्टलेट ने पदार्पण कर रहे एक अन्य तेज गेंदबाज लांस मॉरिस के साथ एमसीजी की तेज गेंदबाजों की मददगार पिच पर शानदार गेंदबाजी की। यह 1997 (गाबा में एंडी बिकेल और एंथोनी स्टुअर्ट) के बाद पहला मौका है जब ऑस्ट्रेलियाई आक्रमण का आगाज दो नये तेज गेंदबाजों ने किया। बार्टलेट ने अपनी तीसरी गेंद पर ही जस्टिन ग्रीव्स के ऑफस्टंप को उखाड़ दिया। उन्होंने इसके बाद एलिक एथेनाज और कप्तान शाई होप को पवेलियन की राह दिखाई जिससे वेस्टइंडीज का स्कोर तीन विकेट पर 37 रन हो गया। केसी कार्टी (88) और रोस्टन चेस (59) ने इसके बाद पांचवें विकेट के लिए शतकीय साझेदारी कर टीम को चुनौतीपूर्ण स्कोर तक पहुंचाया। कार्टी हालांकि सीन एबोट के शानदार थ्रो पर रन आउट होने के कारण शतक पूरा करने से चूक गये। लक्ष्य का पीछा करते हुए शानदार लय में चल रहे ट्रेविस हेड (चार) पहले ओवर में ही मैथ्यू फोर्ड का शिकार बन गये। कोविड के कारण अलग ड्रेसिंग रूम में रहे इंग्लिस ने इसके बाद अपनी पारी में 10 चौके और छक्का लगाकर मैच पर ऑस्ट्रेलिया की पकड़ बना दी। वह पारी के 12वें ओवर में गुडाकेश मोती की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद स्मिथ और ग्रीन ने 149 रन की अटूट साझेदारी कर टीम की जीत पक्की कर दी। श्रृंखला का दूसरा एकदिवसीय रविवार को सिडनी में खेला जायेगा।

सरफराज को पसंद है विराट, डिविलियर्स और रिचड्र्स की बल्लेबाजी

विशाखापत्तनम। बल्लेबाज सरफराज खान को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है हालांकि वह अंतिम ग्यारह में जगह नहीं बना पाये हैं। सरफराज ने पिछले कुछ समय में घरेलू क्रिकेट में काफी रन बनाये हैं, इसके बाद से ही उन्हें भारतीय टीम में शामिल किये जाने की मांग उठती रही है। सरफराज को विराट कोहली, एबी डिविलियर्स और विवियन रिचड्र्स और जावेद मियांदाद की बल्लेबाजी पसंद है। सरफराज के अनुसार वह जो रूट की बल्लेबाजी को भी देखते हैं। इस बल्लेबाज के अनुसार जो भी सफल बल्लेबाज होता है उसे देखकर वह सीखने का प्रयास करते हैं। इस बल्लेबाज ने कहा कि वह भविष्य में चाहे रणजी ट्रॉफी खेले या भारत के लिए खेलें। सीखने का क्रम जारी रखेंगे। सरफराज ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता नौशाद अहमद को दिया है जिन्होंने उन्हें क्रिकेटर बनाने के लिए कई घंटे मेहनत की। साथ ही कहा कि इसी कारण आज वह भारतीय टीम तक पहुंचे हैं। सरफराज के छोटे भाई मुशीर खान भी क्रिकेटर और इस समय अंडर 19 विश्व कप खेल रहे हैं। सरफराज ने कहा, ' मेरे पिता ने मुझे क्रिकेट से जोड़ा जबकि मैं हमेशा सोचता था कि मैं क्यों खेल रहा हूं। मैं एक आक्रामक बल्लेबाज हूं और मैं दूसरों की तुलना में जल्दी आउट हो जाता था और बड़ी पारियां भी नहीं खेल पाता था। दूसरों को सफल होते देखना निराशाजनक था जबकि मैं स्वयं रन नहीं बना पा रहा था पर मेरे पिता हमेशा मेरा हौंसला बढ़ते रहते थे। ' सरफराज ने 45 प्रथम श्रेणी मुकाबलों में 69.85 की औसत से 3912 रन बनाए हैं जिसमें 14 शतक और 11 अर्धशतक शामिल हैं।

एफआईएच प्रो लीग मुकाबले 10 फरवरी से होंगे, हरमनप्रीत करेंगे कप्तानी

राउरकेला (एजेंसी)। 10 से 25 फरवरी तक भुवनेश्वर और राउरकेला में एफआईएच प्रो हॉकी लीग मुकाबले खेले जाएंगे। इन मैच में ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह भारतीय पुरूष हॉकी टीम की कप्तानी करेंगे जबकि मिडफील्डर हार्दिक सिंह उपकप्तान की जिम्मेदारी संभालेंगे। हॉकी इंडिया ने दोहरे चरण के मुकाबलों के लिये 24 सदस्यीय टीम घोषित कर दी है। इस टूर्नामेंट का भुवनेश्वर चरण 10 फरवरी से शुरू होकर 16 फरवरी तक चलेगा जबकि राउरकेला चरण 19 से 25 फरवरी तक होगा।

भारतीय टीम इन मुकाबलों में आयरलैंड, नीदरलैंड, स्पेन और आस्ट्रेलिया से दो दो बार खेलेंगी। पहला मैच 10 फरवरी को स्पेन से होगा। इस टूर्नामेंट के लिए भारतीय टीम में स्ट्राइकर बॉबी धामी और गोलकीपर पवन को जगह नहीं मिली है।

गोलकीपिंग की जिम्मेदारी पी आर श्रीजेश और कृशन बहादुर पाठक के पास रहेगी। वहीं रक्षापंक्ति की कमान हरमनप्रीत, अमित रोहिदास , जरमनप्रीत सिंह, वरूण कुमार, सुमित , संजय, जुगराज सिंह और विष्णुकांत सिंह के पास रहेगी। मिडफील्ड में हार्दिक, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, शमशेर सिंह, राजकुमार पाल, नीलाकांता शर्मा और रबिचंद्र सिंह मोइरेंगथेम जैसे खिलाड़ी होंगे। इसके अलावा फॉरवर्ड पंक्ति में अनुभवी ललित उपाध्याय, मनदीप सिंह, गुरजंत सिंह, सुखजीत सिंह, अभिषेक, आकाशदीप सिंह और अराइजीत सिंह हुंडर जैसे खिलाड़ी रखे गये हैं।

मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने टीम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करते हुए कहा है कि हमने काफी संतुलित टीम रखी है जिसमें अनुभवी और युवा दोनो ही खिलाड़ी शामिल हैं। हमारा टीम का लक्ष्य एक ईकाई के तौर पर बेहतर प्रदर्शन रहेगा।

एंडरसन ने 72 सालों का रिकॉर्ड तोड़ा, भारत में टेस्ट खेलने वाले सबसे उम्रदराज तेज गेंदबाज बने

विशाखापत्तनम (एजेंसी)। इंग्लैंड के गेंदबाज जेम्स एंडरसन भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दौरान 41 साल और 187 दिन की उम्र में भारतीय धरती पर टेस्ट मैच खेलने वाले सबसे उम्रदराज तेज गेंदबाज बन गए। एंडरसन ने टेस्ट क्रिकेट में 72 साल से कायम रिकॉर्ड को ध्वस्त कर दिया। भारतीय क्रिकेट के दिग्गज लाला अमरनाथ ने 1952 के बाद से भारत में टेस्ट खेलने वाले सबसे उम्रदराज तेज गेंदबाज का खिताब अपने नाम किया था।

जब अमरनाथ ने अपना आखिरी टेस्ट मैच ईडन गार्डन्स में पाकिस्तान के खिलाफ खेला तब उनकी उम्र 41 साल और 92 दिन थी। एंडरसन और अमरनाथ के साथ सूची में रे लिंडवाल, शुट बनर्जी और गुलाम गार्ड जैसे नाम शामिल थे जिनमें से सभी ने 1961 में क्रिकेट परिदृश्य में बदलाव से पहले अपनी अमिट छाप छोड़ी थी। एंडरसन भारत में टेस्ट खेलने वाले पांचवें सबसे उम्रदराज खिलाड़ी भी बन गए। जिम्बाब्वे के खिलाड़ी जॉन ट्राईकोस के नाम 1993 में 45 साल 304 दिन की उम्र में खेलने का रिकॉर्ड है।

भारतीय परिस्थितियों में एंडरसन की विरासत एक और उल्लेखनीय उपलब्धि तक फैली हुई है। भारतीय धरती पर किसी मेहमान गेंदबाज द्वारा सर्वाधिक टेस्ट विकेट लेने का रिकॉर्ड शामिल है। भारतीय क्रिकेट के तीन अलग-अलग युगों में, एंडरसन की गेंदें दिग्गजों के लिए दुश्मन रही हैं। 14 टेस्ट मैचों में एंडरसन ने 35 विकेट हासिल किए हैं।

जब सचिन तेंदुलकर का दबदबा था, तब एंडरसन ने तेंदुलकर को नौ बार आउट किया, विराट कोहली के युग में अंग्रेजी तेज गेंदबाज ने सात बार भारतीय कप्तान का बेशकीमती विकेट हासिल किया। अब उभरती प्रतिभा के युग में एंडरसन की सटीकता ने युवा शुबमन गिल को परेशान किया, और अपने क्रिकेट मुकाबलों में पांचवीं बार उनका विकेट लिया।

पेरिस ओलंपिक के लिए मशाल वाहक होंगे बिंद्रा

नई दिल्ली । भारत के ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अभिनव बिंद्रा को 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए मशाल वाहक चुना गया है। अब बिंद्रा इन खेलों में ओलंपिक मशाल रिले दल में शामिल रहेंगे। पेरिस ओलंपिक खेल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस में होंगे। वहीं बिंद्रा 16 अप्रैल से 26 जुलाई तक आयोजित होने वाली ओलंपिक मशाल रिले का हिस्सा होंगे। बिंद्रा ने 2008 बीजिंग ओलंपिक खेलों में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में स्वर्ण पदक जीता था। वह भारत की ओर से ओलंपिक में व्यक्तिगत वर्ग में स्वर्ण जीतने वाले पहले खिलाड़ी भी हैं। बिंद्रा ने मशाल वाहक चुने जाने पर खुशी जताते हुए सोशल मीडिया पर कहा, मैं पेरिस ओलंपिक के लिए मशाल वाहक बनने का अनुभवी साझा करने के लिए उत्साहित हूं। इससे मुझे दुनिया भर में शांति का प्रतीक बनने का अवसर मिलेगा। ओलंपिक मशाल हमारी सामूहिक भावना और सपनों की शक्ति को दिखाती है। गौरतलब है कि पेरिस 2024 ओलंपिक मशाल रिले 8 मई 2024 को फ्रांस में शुरू होकर फ्रांसीसी क्षेत्रों में 68 दिनों की यात्रा से पहले मार्सिले पहुंचेगी। मशाल रिले 68 दिनों तक चलेगी और इस दौरान यह पांच विदेशी क्षेत्रों सहित 65 क्षेत्रों में पहुंचेगी। रिले में 10,000 मशाल वाहक शामिल होंगे, जिनमें 3000 मशाल वाहक शामिल होंगे जो टीम रिले में भाग लेंगे, और 400 शहरों का दौरा करेंगे।मशाल यूनान में ओलंपिया के पास जलाई जाएगी और वहीं इसकी प्रारंभिक यात्रा होगी क्योंकि यहीं से ओलंपिक की शुरुआत हुई थी।

मर्सीडीज छोड़कर फेरारी से जुड़ेंगे लुईस हैमिल्टन, कहा– इस टीम के साथ 11 साल बेहतरीन रहे

लंदन । लुईस हैमिल्टन ने इस सत्र के आखिर में मर्सीडीज छोड़कर फेरारी में जाने का फैसला लेकर मोटरस्पोटर्स जगत को हैरान कर दिया है। हैमिल्टन ने अगस्त के आखिर में मर्सीडीज के साथ करार दो साल के लिए बढाया था लेकिन नए करार में उन्होंने 'रिलीज' का प्रावधान रखा था जिससे वह 2025 में फेरारी से जुड़ सकेंगे। उन्होंने टीम द्वारा जारी एक बयान में कहा, 'इस टीम के साथ 11 साल बेहतरीन रहे हैं। मुझे इस पर गर्व है। मैं जब 13 साल का था, तभी से मर्सीडीज मेरे जीवन का हिस्सा है। मैं यहीं बड़ा हुआ और इसे छोड़ने का फैसला काफी कठिन था। लेकिन मेरे लिए यह जरूरी था। मैं नई चुनौती को लेकर काफी रोमांचित हूं।' हैमिल्टन ने सात में से छह फार्मूला वन खिताब मर्सीडीज के साथ जीते हैं।

यहां घूमने नहीं, अच्छा टेनिस खेलने आए है: भारतीय डेविस कप कप्तान जीशान

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान दौरे पर गई भारत के डेविस कप टीम के कप्तान जीशान अली को शुक्रवार को यहां संवाददाता सम्मेलन में कई अटपटे और हैरानी भरे सवालों का सामना करना पड़ा जिसमें 'क्रिकेट सहित अन्य भारतीय टीमें पाकिस्तान का दौरा क्यों नहीं करतीं' और 'पाकिस्तान में शॉपिंग (खरीदारी और सैर-सपाटा) के अनुभव' के बारे में पूछना शामिल रहा।

लगभग 60 साल बाद डेविड का मुकाबले के लिए पाकिस्तान गई भारतीय टीम दरअसल अब तक अपने होटल से बाहर कड़ी सुरक्षा में सिर्फ इस्लामाबाद खेल परिसर में अभ्यास के लिए ही आई। जीशान ने हालांकि रणनीतिक तरीके से इन सवालों का जवाब दिया। उन्होंने उम्मीद जताई कि टीम को संक्षिप्त दौरे पर कहीं बाहर जाने का मौका मिलेगा। उन्होंने हालांकि इस दौरे पर टीम के मकसद के बारे में ज्यादा करते हुए कहा कि टीम यहां अच्छा टेनिस खेलने आई है।

'शॉपिंग' के बारे में पूछे जाने पर जीशान ने कहा, 'हम कहीं बाहर नहीं गए हैं। मुझे उम्मीद है कि कुछ समय के लिए बाहर जाने की व्यवस्था की जा सकती है।' भारतीय कोच एवं कप्तान की भूमिका निभा रहे इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा, 'खेल के लिहाज से हमारा यहां आना इस क्षेत्र में टेनिस के लिए बहुत अच्छा होगा। अगर अधिक बच्चे इस खेल को अपनाएंगे तो इससे टेनिस को फायदा होगा और यही हमारा मुख्य इरादा है।'

जीशान ने कहा, 'अगर हम दोस्ती बढ़ाने और टेनिस के खेल की लोकप्रियता बढ़ाने में किसी भी तरह से मदद कर सकें, तो हमने अपने लक्ष्य को हासिल करने में सफल रहेंगे।' भारत के गैर खिलाड़ी कप्तान ने स्वीकार किया कि एआईटी (अखिल भारतीय टेनिस महासंघ) द्वारा व्यक्त की गई सुरक्षा चिंताओं के कारण पाकिस्तान टेनिस महासंघ (पीटीएफ) ने उन्हें अब तक सीमित तरीके से जो आतिथ्य सत्कार दिया है वह शानदार है। भारत के शीर्ष एक एकल खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन ने भी यही भावना व्यक्त की।

उन्होंने कहा, 'मुझे यकीन है कि यहां लोगों ने खुल कर हमारा स्वागत किया होगा। लेकिन दुर्भाग्य से, हम बाहर नहीं जा सकते। हम यहां टेनिस खेलने के लिए हैं। रामकुमार इस टाई के शुरुआती एकल में शनिवार को ऐसाम-उल-हक कुरेशी से भिड़ेंगे। इस मामले में की भांबरी अपने सहयोगी से सहमत थे। उन्होंने कहा, 'यह पहले दिन से ही बहुत अच्छा रहा है। हर कोई हमारी मदद के लिए तैयार है। जीशान ने कहा कि अगर वे बाहर नहीं जा सकते हैं तो भी वह निराश नहीं होंगे क्योंकि वह और उनकी टीम यहां घूमने के लिए नहीं बल्कि देश के लिए अपना काम करने आये है। पाकिस्तान में हालांकि गर्मजोशी से हमारा स्वागत हुआ है।

उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान आने पर फैसला वहां के लोगों (भारत सरकार) को लेना होता है। हमारा काम टेनिस खेलना है। हमें इसकी मंजूरी मिली गयी, इसलिये हम यहां है। जीशान को तब और आश्चर्य हुआ जब उनसे पूछा गया कि क्या उन्हें लगता है कि पाकिस्तान में सुरक्षा कोई मुद्दा है क्योंकि भारतीय क्रिकेट टीम को 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए यहां आना है। उनसे यह भी पूछा गया कि दोनों देशों के बीच सभी खेलों में द्विपक्षीय श्रृंखलाएं क्यों नहीं होती हैं। स्थानीय पत्रकार अपनी धरती पर भारतीय टीम को देखने के लिए काफी उत्साहित थे, क्योंकि उनमें से कई पिछले साल आईसीसी वनडे विश्व कप के लिए भारत दौरे पर नहीं आ सके थे।' पीटीएफ के एक अधिकारी को हस्तक्षेप करना पड़ा और मीडियाकर्मियों से अपने सवालों को केवल डेविस कप मुकाबले तक सीमित रखने के लिए कहना पड़ा।

पृथ्वी ने रणजी मुकाबले से मैदान पर वापसी की

कोलकाता । मुम्बई के बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने तीन माह के बाद रणजी ट्रॉफी से वापसी की है। पृथ्वी शुक्रवार से यहां बंगाल के खिलाफ शुरु हुए मैच से मैदान पर उतरे। इससे पहले उन्हें अगस्त में काउंटी क्रिकेट में नॉथैंप्टनशर की ओर से खेलते हुए वह चोटिल हो गये थे। इस कारण उन्हें काउंटी सत्र बीच में ही छोड़कर स्वदेश लौटना पड़ा था। इसके बाद उनके घुटने की सर्जरी हुई थी जिसके बाद से ही वह आराम कर रहे थे। पिछले सप्ताह के अंत में उन्हें फिटनेस परीक्षण के बाद बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने खेलने की मंजूरी दे दी गई थी। पृथ्वी के शामिल होने से मुम्बई की बल्लेबाजी मजबूत हुई है। मुंबई अभी ग्रुप बी के शीर्ष पर है, जहां उन्होंने चार में से तीन मैच जीते हैं और वह नॉकआउट स्तर पर जगह बनाने के लिए अग्रसर है।

सामान्य ज्ञान

मुगल उद्यानों का डिजाइन ताल, फव्वारों के साथ जन्नत के नजारे पर आधारित



फूलों की खुशबू के बीच शानदार ज्यामितीय आकार, ताल और आकर्षक फव्वारे हर मुगल उद्यान के डिजाइन की खासियत हैं, जो ईरानी चारबाग शैली से लिया गया है तथा यह जन्नत के नजारे को चित्रित करने की कोशिश है। विशेषज्ञों का यह मानना है। चारबाग शैली, ईरानी वास्तुकला पर आधारित है। इसमें जल धाराओं और ताल की मौजूदगी इसे विशिष्ट बनाती है। य

ह चार बराबर भागों में विभाजित होता है तथा फव्वारे और झरने इसे भव्यता प्रदान करते हैं। इतिहासकारों के अनुसार, भारतीय उपमहाद्वीप में कई शहरों में शानदार उद्यान बनाए गए थे एवं उनके डिजाइन को शायद मुगल काल के दौरान और निखारा गया तथा नामकरण किया गया।

ऐसे कुछ प्रसिद्ध उद्यानों में कश्मीर का मुगल उद्यान, दिल्ली में हुमायूँ मकबरे का उद्यान, आगरा में ताजमहल का उद्यान और लाहौर (पाकिस्तान) का शालीमार उद्यान शामिल हैं, जिनमें से अंतिम तीन यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थलों की सूची में शामिल हैं।

हरियाणा में सदियों पुराने यादविंद्रा उद्यान या पिंजौर उद्यान मुगल उद्यानों की शैली में है। यूनेस्को की वेबसाइट के अनुसार, कश्मीर के प्रसिद्ध मुगल गार्डन- निशात बाग, शालीमार बाग, अचबल बाग, चश्मा शाही, परी महल और वेरीनाग- संयुक्त रूप से यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थलों की अंतरिम सूची में शामिल हैं। इन्हें इस सूची में 2010 में जोड़ा गया था।

इतिहासकार और लेखिका स्वप्ना लिडल ने कहा, मुगल उद्यान ईरानी चारबाग शैली पर आधारित होता है, जिसमें दो अक्षों में बहने वाली जल धाराएं होती हैं जो एक-दूसरे को पार करती हैं और बाग को चार बराबर भागों में विभाजित करती हैं। यह जन्नत के नजारे को चित्रित करता है। विशेषज्ञों के अनुसार, मुगलों ने इन उद्यानों को परिष्कृत किया तथा भारतीय उपमहाद्वीप में अपने शासन के दौरान उनमें से कई का निर्माण किया, और इसलिए उन्हें लोकप्रिय रूप से मुगल उद्यान कहा जाने लगा।

समय के साथ, आधुनिक काल में कई उद्यानों का निर्माण किया गया, जो मुगल उद्यान शैली पर आधारित हैं। ऐसा ही उद्यान राष्ट्रपति भवन के पश्चिमी हिस्से में भी है, जिसे सर एडविन लुटियंस द्वारा डिजाइन किया गया था, जिसे बाद में मुगल गार्डन के रूप में जाना जाने लगा।

इसका नाम बदलकर हाल में अमृत उद्यान कर दिया गया। कई इतिहासकार और बागवानी विशेषज्ञ मुगल शासकों को इस तरह के शानदार विशाल उद्यानों के निर्माण का श्रेय देते हैं।

हेल्दी मां की बेटियों में डिप्रेशन का खतरा कम

पिछले कुछ सालों में किशोरों में डिप्रेशन तेजी से बढ़ रहा है। अमेरिका में 2005 में 8.7 प्रतिशत किशोर डिप्रेशन के शिकार थे। यह आंकड़ा 2014 में बढ़कर 11.3त्न हो गया। वहीं 50 प्रतिशत किशोरों ने डिप्रेशन के अलावा इससे जुड़े अन्य मानसिक विकारों से जूझने की बात स्वीकारी। युवाओं में विकलांगता का प्रमुख कारण भी डिप्रेशन बन रहा है।

प्रमुख शोधकर्ता वी-चेन वांग ने शोध में बताया कि स्वस्थ आहार, धूम्रपान न करना, शारीरिक रूप से सक्रिय रहना, सामान्य बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) और शराब के सेवन से बचने से डिप्रेशन में कमी हो जाती है। यह जानने के लिए 10,368 अलग-अलग पेशे की 25 से 45 वर्ष की महिलाओं का डेटा एकत्र किया गया था।

पिता के डिप्रेशन का बच्चे के विकास पर असर

1989 से कलेक्ट किए गए इस डेटा के विश्लेषण में सामने आया कि माताओं की जीवन शैली और व्यवहार उनकी संतानों की जीवन शैली से सीधे तौर पर जुड़ा हुआ है।

हालांकि माता के मोटा होने पर बेटियों में डिप्रेशन की आशंका भी कम ही होती है। पिता के डिप्रेशन का बड़े होते बच्चों पर गहरा असर पड़ता है। फिर चाहे वह बच्चा अनुवांशिक रूप से पिता से जुड़ा हो या फिर गोद लिया गया हो। पिता यदि डिप्रेशन में हो तो बच्चों को विकास के लिए सही वातावरण नहीं मिल पाता है।

बच्चे पैरेंट्स के व्यवहार की नकल करते हैं

बच्चे अनजाने में पैरेंट्स के व्यवहार की नकल करते हैं। कई बार इसे आत्मसात भी कर लेते है। कई बार उसे अपने अनुसार बदलकर उसके अनुसार व्यवहार भी करने लगते हैं। इसका किशोरावस्था और वयस्क होने पर ज्यादा प्रभाव पड़ता है।

अध्ययन

एआई यह जानने में मदद कर सकता है कि हम ब्रह्मांड में अकेले हैं या नहीं

शोधकर्ताओं ने पूर्व में धरती के नजदीकी तारों के डेटासेट का अध्ययन करने के लिए डीप लर्निंग तकनीक का इस्तेमाल किया और रुचि के आठ अज्ञात संकेतों को उजागर किया। अध्ययन में कहा गया है कि शोधकर्ताओं की टीम का नेतृत्व टोरंटो विश्वविद्यालय के एक स्नातक छात्र पीटर मा ने किया। इस टीम में एसईटीआई इंस्टीट्यूट, ब्रेकथ्रू लिसन और दुनिया भर के वैज्ञानिक अनुसंधान संस्थानों के वैज्ञानिक भी थे। यह अध्ययन नेचर एस्ट्रोनॉमी शोध पत्रिका में प्रकाशित हुआ है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित अध्ययन में कहा गया है कि तकनीकी रूप से उन्नत अलौकिक जीवन की खोज की संभावना पर विचार करते समय यह प्रश्न अक्सर उठता है, यदि वे वहां हैं, तो हमने उन्हें अभी तक क्यों नहीं खोजा? अक्सर, प्रतिक्रिया यह होती है कि हमने आकाशगंगा के केवल एक छोटे से हिस्से की खोज की है। इसके अलावा, शुरुआती डिजिटल कंप्यूटर के लिए दशकों पहले विकसित किए गए एल्गोरिदम आधुनिक पेटाबाइट-स्केल डेटासेट पर लागू होने पर पुराने और अक्षम हो सकते हैं। अध्ययन के मुख्य लेखक पीटर मा ने कहा, कुल मिलाकर, हमने आस-पास के 820 तारों के 150 टीबी डेटा के माध्यम से एक डेटासेट पर खोज की थी, जिसे पुरानी तकनीकों द्वारा 2017 में खोजा गया था, लेकिन दिलचस्प संकेतों का पता नहीं चला। मा ने कहा, हम इस खोज प्रयास को अब मीरकैट दूरबीन और उससे आगे 10 लाख तारों तक बढ़ा रहे हैं। हमारा मानना है कि इस तरह का काम क्या हम ब्रह्मांड में अकेले हैं? इस सवाल का जवाब देने के प्रयास में मदद करेंगे। अध्ययन में कहा गया है कि रेडियो संकेतों की खोज करना सबसे आम तकनीक है, क्योंकि तरंगों से तारों के बीच अविश्वसनीय

दूरियों के बारे में जानकारी मिल जाती है। इसमें कहा गया कि रेडियो संकेत अंतरिक्ष में व्याप्त धूल और गैस के माध्यम से तेजी से गुजरते हैं और ऐसा प्रकाश की गति से होता है जो हमारे सर्वश्रेष्ठ रॉकेटों की तुलना में लगभग 20,000 गुना तेज है। मा के अनुसंधान सहायक और एसईटीआई इंस्टीट्यूट तथा फ्रेंच नेशनल सेंटर फॉर साइंटिफिक रिसर्च में खगोल विज्ञानी ने कहा, बड़े पैमाने पर इन तकनीक का अनुप्रयोग रेडियो तकनीकी विज्ञान के लिए परिवर्तनकारी होगा।

मोटिवेशन

कड़ी मेहनत और लगन के साथ काम करें

हमेशा अपने काम में गर्व महसूस करना चाहिए और दूसरों की कड़ी मेहनत और अच्छे काम की सराहना करनी चाहिए। अपने काम को पूरी लगन और कड़ी मेहनत के साथ करें। हमें अपने किए हुए काम का फल उस दिन मिलेगा, जब दुनिया हमारे काम की तारीफ करेगी और सफलता के पीछे आपकी कड़ी मेहनत देखेगी। जितनी मेहनत करेंगे उतना बेहतर महसूस करेंगे।

एक अच्छी आदत जीवन बदल सकती है

जीवन में हम अपनी अच्छी आदतों की वजह से ही आगे बढ़ पाते हैं। बुरी आदतें हमें जंजीर में जकड़कर रखती हैं, हमें निर्णय नहीं लेने देतीं। आगे नहीं बढ़ने देतीं। केवल एक अच्छी आदत जीवन बदलने के लिए काफी है। आप अच्छी आदतों को अपने जीवन में शामिल करके आगे बढ़ सकते हैं। अच्छी आदतों के दम पर ही आप सफलता पा सकते हैं।

कर्म से ही नष्ट हो सकता है हर डर का अस्तित्व

जो लोग अपने साथ होने वाली हर चीज का श्रेय और दोष खुद ही लेते हैं, वो ही जीवन में आगे बढ़ते हैं और सफल होते हैं। कुछ लोग अपनी सफलता का श्रेय तो हमेशा लेते हैं, लेकिन अपनी असफलता का दोष दूसरों को दे देते हैं। आप अपने जीवन के किसी क्षेत्र में कितनी ज्यादा जिम्मेदारी स्वीकार करते हैं और कितना नियंत्रण महसूस करते हैं- इनके बीच सीधा संबंध है।

केवल बोलना नहीं, करना जरूरी है

जीवन-मूल्य ऐसी चीज नहीं हैं जिन्हें आप सुविधा अनुसार इस्तेमाल करें। परिस्थिति के अनुसार बदलने वाले मूल्यों की झलक तब मिलती है, जब कोई व्यक्ति कहता कुछ है और करता कुछ और है। किसी भी व्यक्ति की पहचान इस बात से नहीं होती कि वह क्या बोलता है, बल्कि इससे होती है कि वह क्या करता है।

परवरिश

बच्चों को शांत कराने के लिए मोबाइल नहीं दें

कई बार बच्चे रोते हैं तो पैरेंट्स उन्हें मोबाइल या टैबलेट देकर शांत करा देते हैं। इससे बच्चे उस वक्त तो शांत हो जाते हैं, लेकिन भविष्य में इसके गंभीर परिणाम सामने आते हैं। दरअसल, 9 साल की उम्र पूरी होने के बाद इस तरह के बच्चे जब दूसरे बच्चों के संपर्क बनाते हैं, तो डिवाइस की लत के चलते उन्हें घुलने-मिलने में दिक्कत होती है। उनकी एकाग्रता घटती है और कार्य करने की क्षमता प्रभावित होती है। स्क्रीन का बच्चों पर असर जानने के लिए हाल ही में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी सेंटर ऑफ डेवलपिंग चाइल्ड में हुए एक शोध हुआ। इसमें सामने आया कि 9 साल की उम्र तक ज्यादा समय मोबाइल या टैबलेट के साथ बिताने वाले बच्चों की एकैडमिक परफॉर्मेंस घटती है। मानसिक स्वास्थ भी बिगड़ता है।

शारीरिक एक्टिविटीज से होता है मानसिक विकास

शोध में बताया गया कि ऐसे बच्चों को बचपन में मोबाइल थमाना उनसे बचपन छीनने जैसा होता है। इससे ज्यादा उन्हें बड़ों से बातचीत करने देना ज्यादा जरूरी है। इसके अलावा उन्हें सोशल एक्टिविटी या शारीरिक गतिविधियां कराने की भी जरूरत है, ताकि शारीरिक और मानसिक विकास हो सके।

ऐसे बच्चे भावनात्मक रूप से काफी कमजोर होते हैं। इसका असर लड़कों में ज्यादा होता है। एक अन्य शोध के अनुसार स्क्रीन टाइम बढ़ने से बच्चों में चिड़चिड़ापन बढ़ जाता है और वे कई बार चुनौतीपूर्ण माहौल में आक्रामक व्यवहार करने लगते हैं। इससे बच्चों की फिजिकल एक्टिविटी तो कम होती ही है।

सवालों का जवाब दें, कपड़े व्यवस्थित करना सिखाएं

अगर आप कपड़े तह कर रहे हैं तो बच्चों को भी अपने साथ कुछ कपड़े तह करने के लिए दें। ताकि उनका उस काम में मन लगा रहे। स्क्रीन टाइम का समय निर्धारित करें। ज्यादा से ज्यादा उन्हें प्रश्न करने का मौका दें। जहां तक हो सके उनके सवालों का जवाब भी दें।

बजट में बुजुर्ग व बच्चों के लिए बहुत कम प्रावधान

विभिन्न अधिकार समूहों ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि केंद्रीय बजट 2023-24 में हाशिए पर पड़े तबके, बच्चों, दिव्यांगो व बुजुर्गों को देने लिए बहुत कम प्रावधान किए गए हैं। नेशनल प्लेटफॉर्म फॉर राइट्स ऑफ डिसएबल्ड (एनपीआरडी) ने एक बयान में दावा किया कि दिव्यांग समुदाय की लगातार उपेक्षा की गई है।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय दिव्यांग पेंशन योजना के लिए आवंटन में कोई बदलाव नहीं किया गया है और यह पिछले की तरह 290 करोड़ रुपए है। एनपीआरडी ने कहा, सरकार ने पेंशन का दायरा और राशि दोनों नही बढ़ाए। राशि एक दशक से अधिक वक्त से नही बढ़ी है और यह 300 रुपए है। इसके दायरे में सिर्फ 3.8 फीसदी दिव्यांग आबादी आती है जिसकी पहचान 2011 की जनगणना में की गई थी।

बुजुर्गों के जुड़े मुद्दों पर काम करने वाले हेल्पएज इंडिया ने वेतनभोगी मध्य वर्ग को कर राहत देने का स्वागत किया और कहा कि इससे वरिष्ठ नागरिकों को भी फायदा होगा।

हेल्पएज इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहित प्रसाद ने कहा, हम वरिष्ठ नागरिकों के लिए लागू कुछ प्रावधानों से संबंधित विशिष्ट कर उपायों और मौजूदा सीमाओं में वृद्धि की उम्मीद कर रहे थे। उसने कहा, कई वरिष्ठ नागरिक अनौपचारिक क्षेत्र में हैं और कर दायरे से बाहर हैं और या तो गरीबी रेखा के करीब या उससे नीचे जी रहे हैं, उनके लिए हम विशेष रूप से सामाजिक सुरक्षा उपायों के पक्षधर थे जिससे उन्हें लाभ होता।

दिमाग लगाओ



रंग भरो

शब्द बनाओ



रास्ता ढूंढ़ो



2025 में प्रदर्शित होगी वरुण, अर्जुन, दिलजीत की नो एंट्री 2

जल्दी ही वरुण धवन, अर्जुन कपूर, दिलजीत की फिल्म नो एंट्री-2 देखने को मिल सकती है। हालांकि साल 2005 में रिलीज हुई फिल्म 'नो एंट्री' जिसने भी देखी है वो हंस-हंसकर लोटपोट हो गया। इसमें तीन हीरो अनिल कपूर, सलमान खान और फरदीन खान के साथ चार हीरोईन लारा दत्ता, ईशा देओल, सेलिना जेटली और बिपाशा बसु थीं। आज भी जब टीवी पर यह फिल्म आती है तो फैंस को यह खूब लुभाती है और वे इसे किसी हाल में मिस नहीं करते। फिल्म की कहानी काफी मजेदार थी। बता दें कि पिछले काफी समय से इसके सीक्वल की बात हो रही थी। अब 'नो एंट्री 2' पर एक नया अपडेट सामने आया है। इसमें तीन एक्टर्स को कास्ट कर लिया गया है और वो हैं वरुण धवन, अर्जुन कपूर और दिलजीत दोसांझ। जानकारीके अनुसार इस फिल्म को अनीस बज्मी डायरेक्ट करेंगे। बता दें कि 'नो एंट्री' के डायरेक्टर भी वही थे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अनीस बज्मी को 'नो एंट्री 2' में राइटर और डायरेक्टर के तौर पर चुन लिया गया है। मेकर्स ने फिल्म के लीड एक्टर्स के लिए वरुण, अर्जुन और दिलजीत को लिया है। तीनों ही फिल्म की स्क्रिप्ट को लेकर एक्साइटेड हैं और उन्होंने इस कहानी के लिए स्वीकृति दे दी है। फिल्म की शूटिंग दिसंबर से शुरू होगी और यह 2025 में तैयार होगी।

फाइटर में ऋतिक रौशन के साथ काम कर खुश हैं महेश शेट्टी

अभिनेता महेश शेट्टी फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन के साथ काम कर बेहद खुश हैं। सिद्धार्थ आनंद निर्देशित एक्शन थ्रिलर 'फाइटर' महेश ने स्क्वाड्रन लीडर राजन उन्नीनाथन की भूमिका निभाई है। फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन के साथ काम करने के अनुभव के बारे में पूछे जाने पर, महेश ने कहा, वायु सेना के शब्दकोष में, एक विंगमैन एक पायलट होता है जो पारस्परिक सहायता प्रदान करते हुए एक उड़ान संरचना के नेता के साथ उड़ान भरता है, इसलिए उनकी बॉन्डिंग हमेशा दूसरे स्तर पर होती है। शूटिंग शुरू होने से पहले ही ऋतिक और मेरे बीच अच्छी बॉन्डिंग शुरू हो गई थी। जिस तरह से उन्होंने सेट पर 'यारा' के रूप में मेरा स्वागत किया वह बहुत स्थायी था और पूरी टीम एक बड़े परिवार की तरह थी। वह बेहद सच्चे हैं, और इसमें कोई संदेह नहीं है एक ग्रीक भगवान की तरह दिखते हैं लेकिन एक व्यक्ति के रूप में भी, वह आश्चर्यजनक रूप से मधुर हैं और उनमें मजाकिया स्वभाव है। जिस तरह से उन्होंने हमें कहानियां सुनाईं, उसने हमें हमेशा चकित कर दिया और हम और अधिक की प्रतीक्षा कर रहे थे। हममें से एक बार भी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि हम काम कर रहे थे। वह एक कारण से रितिक रोशन हैं और इसका कारण केवल समर्पण और कड़ी मेहनत है।'

मेरी पसंदीदा किताबों में से है द फाउंटेनहेड : राशी खन्ना

शाहरुख-ऋतिक संग जताई काम करने की इच्छा

बालीवुड एक्ट्रेस राशी खन्ना ने खुलासा किया कि उनकी पसंदीदा किताबों में प्रतिष्ठित द फाउंटेनहेड, 112 वेज़ टू मेडिटेशन और सह-कलाकार विक्रांत मैसी का एक बहुत ही विचारशील उपहार मिडनाइट लाइब्रेरी है। हाल ही में इंस्टाग्राम आस्कमेएनीथिंग सेशन में, प्रतिभाशाली अभिनेत्री राशि खन्ना ने अपनी दुनिया के दरवाजे खोले, अपनी साहित्यिक प्राथमिकताओं, सपनों के सहयोग और रोमांचक करियर अपडेट के बारे में जानकारी साझा की।

राशि खन्ना ने अपने जीवन के विभिन्न पहलुओं के बारे में खुलकर प्रकाश डाला। सह-कलाकार विक्रांत मैसी के साथ सौहार्द, दैनिक दिनचर्या, आगामी परियोजनाएं और साथी अभिनेताओं के साथ काम करने का अनुभव भी बताया। करिश्माई महेश बाबू, गतिशील थलपति विजय, बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान, ग्रीक गॉड ऋतिक रोशन और स्टाइलिश अल्लू अर्जुन के साथ सहयोग करने की इच्छा व्यक्त करते हुए, खन्ना ने हमें अपने सपनों के सहयोग में शामिल किया।

अपने अगले प्रश्न का उत्तर देते हुए, राशि खन्ना खुद को उद्योग के कुछ सबसे प्रसिद्ध दूरदर्शी लोगों के निर्देशन में काम करने की कल्पना करती है। संजय लीला भंसाली के सेट की भव्यता से लेकर जोया अख्तर, राजू हिरानी, मणिरत्नम, अनुराग कश्यप और विधु विनोद चोपड़ा की कथात्मक प्रतिभा तक - खन्ना का ड्रीम डायरेक्टोरियल लाइनअप उनकी फिल्मोग्राफी की तरह ही विविध है।अभिनेत्री ने फर्जी के दूसरे सीज़न का बेसब्री से इंतजार कर रहे अपने प्रशंसकों के लिए एक आकर्षक संकेत दिया, जिसमें कहा गया है कि अगले साल किसी समय स्क्रीन पर आने की उम्मीद है। पहले सीज़न की सफलता ने दर्शकों को और अधिक चाहने के लिए प्रेरित किया, और अगले अध्याय में क्या होगा इसकी प्रत्याशा स्पष्ट है। एएमए के मुख्य आकर्षणों में से एक खन्ना की विक्रांत मैसी के साथ अपने मजबूत रिश्ते के बारे में चर्चा थी। प्रतिभाशाली जोड़ी ने दो फिल्मों, टीएमई और साबरमती एक्सप्रेस में स्क्रीन साझा की है और पिछले 6 से 8 महीनों से एक साथ शूटिंग कर रहे हैं। खन्ना ने मैसी की प्रशंसा करते हुए उन्हें एक शानदार अभिनेता बताया। एक से अधिक बार स्नान करने के अपने शौक के लिए जानी जाने वाली, उसने मैसी के इस सवाल का मज़ाकिया ढंग से जवाब दिया कि वह आखिरी बार कब नहाई थी। खन्ना ने दिन के लिए अपनी योजनाएं भी साझा कीं और खुलासा किया कि वह 15 मार्च को रिलीज होने वाली अपनी आगामी फिल्म योद्धा के लिए कुछ रोमांचक शूटिंग करने जा रही हैं।

उनके पेशेवर जीवन में पर्दे के पीछे की यह झलक, विशेष रूप से प्रशंसकों के बीच प्रत्याशा पैदा करती है। जो आने वाली फिल्म में उनके अभिनय का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।जब उनसे योद्धा में सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ काम करने के अनुभव के बारे में पूछा गया, तो खन्ना ने अपने सह-कलाकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि सिद्धार्थ महान हैं और उन्होंने फिल्म के लिए अपने एक्शन दृश्यों में काफी मेहनत की है। एक और आनंददायक क्षण में, राशि खन्ना ने अनुव जैन का गाना हुस्न गाकर एक प्रशंसक के अनुरोध को पूरा किया।



तमन्ना के आगामी प्रोजेक्ट के लिए करना होगा इंतजार

बालीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया धर्मा प्रोडक्शंस के धर्माटिक एंटरटेनमेंट के डिजिटल विंग के साथ काम करने के लिए तैयार हैं। हाल ही में, तमन्ना भाटिया ने अलग-अलग भूमिकाएँ चुनकर एक अभिनेत्री के रूप में खुद को खोजा। बबली बाउंसर, आखिरी सच, प्लान ए प्लान बी, जी करदा और लस्ट स्टोरीज़ 2 के साथ, अभिनेत्री आगामी टिप्सी ड्रामा के साथ एक और अलग शैली का पता लगाने के लिए पूरी तरह तैयार है।

तमन्ना भाटिया का यह सहयोग प्राइम वीडियो इंडिया के लिए एक स्टार्ट-अप ड्रामा है। तमन्ना के आगामी प्रोजेक्ट के शीर्षक के अनावरण के लिए प्रशंसकों और अनुयायियों को थोड़ा इंतजार करना होगा। हालाँकि, ऐसा कहा जा रहा है कि इस हल्की-फुल्की सीरीज़ का निर्देशन निर्देशक अर्चित कुमार करेंगे। कहा जा रहा है कि इस आगामी ड्रामा में दो अभिनेत्रियां शामिल होंगी, जबकि दूसरी महिला की कास्टिंग अभी चल रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आने वाली वेब सीरीज फिलहाल प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है। इसकी शूटिंग मार्च के मध्य या अप्रैल की शुरुआत में शुरू होने वाली है।

सालों से तमन्ना भाटिया ने बड़े पर्दे की फिल्मों से दर्शकों का मनोरंजन करना जारी रखा है। धर्माटिक एंटरटेनमेंट के साथ उनका सहयोग डिजिटल क्षेत्र में उनका चौथा प्रोजेक्ट है। इसके अलावा, अभिनेत्री के पास परियोजनाओं की एक प्रभावशाली लाइनअप है। तमन्ना भाटिया जॉन अब्राहम के साथ वेदा में और अरनामनै 4 नाम की एक तमिल प्रोजेक्ट में भी दिखाई देंगी। बता दें कि एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया सिनेमा इंडस्ट्री की सबसे प्रसिद्ध अभिनेत्रियों में से एक हैं। बार-बार, तमन्ना ने फिल्मों के सावधानीपूर्वक चयन से अपने प्रशंसकों और अनुयायियों को काफी प्रभावित किया है।

'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम के लिए दीपिका पादुकोण ने की प्रधानमंत्री की तारीफ

बॉलीवुड में सबसे ज्यादा फीस लेने वाली अभिनेत्रियों में से एक अभिनेत्री दीपिका पादुकोण पिछले कुछ दिनों से चर्चा में हैं। अभी कुछ दिन पहले ही रिलीज हुई उनकी फिल्म 'फाइटर' हिट हुई है। इस फिल्म में दीपिका पादुकोने मुख्य भूमिका में हैं। दीपिका पादुकोण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'परीक्षा पर चर्चा' कार्यक्रम को देखकर काफी प्रभावित हुईं है। दीपिका ने एक खास पोस्ट शेयर कर मोदी की तारीफ की है। उन्होंने उन्हें धन्यवाद भी दिया है। दीपिका ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर की है। इसमें उन्होंने लिखा, 'प्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। परीक्षा के तनाव से बचने के लिए आप जिस तरह स्कूली बच्चों, उनके माता-पिता और शिक्षकों के साथ बातचीत करते हैं, वह सराहनीय है।' इसके साथ ही दीपिका ने प्रधानमंत्री के 'परीक्षा पे चर्चा' ' कार्यक्रम का लिंक भी शेयर किया। दीपिका की यह पोस्ट नेटिज़ेंस को काफी पसंद आई है। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में राजधानी दिल्ली में 'परीक्षा पे चर्चा' कार्यक्रम में लाखों छात्रों को परीक्षा का तनाव कम करने के लिए कई टिप्स दिये। फिल्म फाइटर की बात करें तो इसमें दीपिका स्क्वाड्रन लीडर मीनल राठौड़ की भूमिका निभा रही हैं। फिल्म 'फाइटर' पुलवामा हमले पर आधारित है। फिल्म में दिखाया गया है कि कैसे भारतीय सेना आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक करती है। इस फिल्म में दीपिका ने अपनी लाजवाब परफॉर्मेंस से सभी को इम्प्रेस कर लिया है।

परिणीति ने पहली बार दी लाइव परफॉर्मेंस

हाल ही में मल्टी टैलेंटड एक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा ने मुंबई फिल्म फेस्टिवल 2024 में अपनी पहली बार लाइव सिंगिंग परफॉर्मेंस दी और अपना सालों पुराना सपना पूरा किया। अब कॉन्सर्ट की तस्वीरें एक्ट्रेस ने फैंस के साथ शेयर की हैं और इमोशनल नोट भी लिखा है।

लाइव परफॉर्मेंस की तस्वीरें शेयर कर परिणीती चोपड़ा ने कैप्शन में लिखा, और यह हो गया। इसे टाइप करते समय मेरी आंखों में खुशी के आंसू आ गए। मेरा अब तक का पहला लाइव परफॉर्मेंस कल रात था और यह वह सब कुछ था, जो मैं चाह सकती थी और इससे भी अधिक। आप सभी ने जो प्यार दिया है, उसके लिए आप सभी को धन्यवाद...यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। तस्वीरों में परिणीति ब्लैक आउटफिट पहने बेहद स्टाइलिश लग रही हैं और स्टेज पर गाना गाती दिखाई दे रही हैं। उनका ये लुक भी काफी स्टाइलिश लग रहा है। फैंस एक्ट्रेस के इस पोस्ट को खूब लाइक कर रहे हैं।

बता दें, फिल्म लेडीज वर्सेज रिकी बहल से एक्टिंग में डेब्यू करने वाली परिणीति चोपड़ा इश्कजादे, हंसी तो फंसी, गोलमाल अगेन, मिशन रानीगंज जैसी कई फिल्मों में नजर आ चुकी है, लेकिन अब एक्ट्रेस सिंगिंग की दुनिया में कदम रख चुकी हैं।मालूम हो कि परिणीति चोपड़ा बॉलीवुड की एक शानदार एक्ट्रेस तो हैं ही, इसके साथ ही वह एक बेस्ट सिंगर भी हैं। उन्होंने कई बार अपनी सिंगिंग से लोगों का दिल जीता है।

बड़े मियां छोटे मियां का इंतजार हुआ खत्म, पूरी हुई अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की फिल्म की शूटिंग

बड़े मियां छोटे मियां 2024 में आने वाली बड़ी बॉलीवुड फिल्मों में से एक है। प्रशंसक अली अब्बास जफर की फिल्म में दो एक्शन किंग अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ को लड़ते हुए देखने के लिए उत्सुक हैं। इसे सभी वास्तविक स्थानों पर शूट किया गया है और एक्शन दृश्यों के लिए विशाल सेट लगाए गए हैं। आखिरी शेड्यूल जॉर्डन के आश्चर्यजनक मध्य पूर्वी देश में हुआ। दोनों ने प्रोजेक्ट की शूटिंग के दौरान जॉर्डन के लोगों को उनके आतिथ्य, प्यार और गर्मजोशी के लिए धन्यवाद देते हुए एक पोस्ट साझा किया है।

अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ पहली बार साथ काम कर रहे हैं। जॉर्डन ने ऑलिव वुड स्टूडियो का निर्माण किया है जो लॉरेंस ऑफ अरेबिया, स्टार वार्स, मार्टियन और ड्यून जैसे कई अंतरराष्ट्रीय ब्लॉकबस्टर्स का स्थान है। स्टूडियो अपने उच्च तकनीक उपकरणों और बहुत कुछ के लिए जाना जाता है।

बड़े मियां छोटे मियां का बंपर प्रोडक्शन

बड़े मियां छोटे मियां पूजा एंटरटेनमेंट की एक बड़े बजट की फिल्म है। फिल्म इस बारे में है कि कैसे दो भारतीय अधिकारी एक आतंकवादी को मार गिराते हैं। यह प्रौद्योगिकी के उच्च उपयोग के साथ जैविक युद्ध के बारे में है। पृथ्वीराज सुकुमारन फिल्म में खलनायक की भूमिका निभा रहे हैं। यह पहली बार है जब वह किसी बॉलीवुड फिल्म में खलनायक बने हैं। टीम ने मृत सागर में स्नान करके समापन का जश्न मनाया। जैसा कि हम जानते हैं, यह उन खनिजों से भरपूर है जो त्वचा के लिए उत्कृष्ट माने जाते हैं। बड़े मियां छोटे मियां अप्रैल 2024 में ईद पर रिलीज होगी।

मुठभेड़ में दो लुटेरों को लगी गोली, गिरफ्तार

लूटी दो सोने की चेन, स्कूटी व असलाह बरामद

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। नोएडा, ग्रेटर नोएडा में चेन लूट की वारदात को अंजाम देने वाले दो लुटेरे आखिरकार पुलिस के हत्थे चढ़ गए। मुठभेड़ के दौरान दोनों बदमाशों के पैर में गोली लगी है। उनके पास से अवैध असलाह,लूटी गई सोने की दो चैन व स्कूटी बरामद हुई है।

सेंट्रल जोन के एडीसीपी ह्रदेश कठेरिया ने बताया कि थाना प्रभारी अरविंद सिंह पुलिस टीम के साथ अजनारा गोल चक्कर पर चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान पुलिस कर्मियों ने एक मूर्ति गोल चक्कर की तरफ से स्कूटी पर आ रहे हैं दो युवकों को रुकने का इशारा किया।

पुलिस कर्मियों को देखकर स्कूटी सवार ने स्कूटी वापस मोड़ ली और भागने लगे। संदेह के आधार पर पुलिस टीम ने दोनों युवकों का पीछा किया। तेज गति में स्कूटी होने के कारण चालक नियंत्रण को बैठा और स्कूटी फिसल गई। जमीन पर गिरते ही स्कूटी सवारो ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर कर दिया। पुलिस द्वारा की गई जवाबी कार्रवाई में दोनो बदमाशों के पैर में गोली लगी। पुलिस टीम ने दोनों बदमाशों को दबोच लिया। तलाशी में इनके पास से तमंचे व कारतूस बरामद हुए। एडीसीपी बताया कि पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों ने अपने नाम शहबाज उर्फ पोली पुत्र अब्दुल व अमन उर्फ रवि पुत्र संजीव बताए। दोनों बदमाशों ने बीते दिनों पंचशील ग्रीन तथा एग्जॉटिका ड्रीम विले सोसायटी के पास से दो युवकों से सोने की चेन लूटी थी।

उन्होंने बताया कि पकड़ा गया शहबाज उर्फ पोली नंद नगरी दिल्ली का रहने वाला है और इस पर 29 मुकदमे दर्ज हैं वहीं अमन पर भी आठ मुकदमे दर्ज हैं। आरोपियों ने बताया कि वह दिल्ली गाजियाबाद से आकर नोएडा, ग्रेटर नोएडा में लूट की वारदातों को अंजाम देते हैं। इन्होंने लूट की कई वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है।

बंद कमरे में दो महिलाओं समेत मिली चार लाशें

पुलिस जांच में जुटी, वारदात से इलाके में सनसनी

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा में एक मकान के बंद कमरे में 4 लोगों शव बरामद हुए हैं। इनमें 2 युवक और 2 युवतियों के शव शामिल हैं। सूचना के मौके पर पहुंची ग्रेटर नोएडा पुलिस ने दरवाजा तोड़कर सभी शवों को कमरे से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल ग्रेटर नोएडा पुलिस के आलाधिकारी मामले की जांच पड़ताल में जुटे हुए है।

थाना ईकोटेक-3 क्षेत्र के तुस्याना गांव में पुलिस को शुक्रवार को एक मकान में रहने वाले दो युवकों और दो महिलाओं के शव बरामद हुए। पुलिस को संदेह है कि उनकी मौत को दो दिन हो गए हैं, और चारों लोगों की मौत दम घुटने से हुई है। बताया जा रहा है कि मृतकों में तीन भाई-बहन हैं। मृतकों की पहचान राजेश, चंद्रेश, निशा और बबली के रूप में हुई है। ये सभी लोग मूलरूप से हाथरस जिले के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) सुनीति ने बताया कि शुक्रवार की रात थाना ईकोटेक-3 पुलिस को सूचना मिली कि तुस्याना गांव के एक कमरे से बदबू आ रही है। अधिकारी ने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जब कमरे का दरवाजा खोला तो उसके अंदर चार लोगों के शव बरामद हुए है। उन्होंने बताया कि मृतकों की पहचान चंद्रेश, राजेश, बबली और निशा के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि चारों लोग हाथरस जिले के सिकंदराराऊ के रहने वाले थे। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला है कि सभी लोग एक छोटे से कमरे में रहते थे, और चंद्रेश परांठे की दुकान लगाता था। उन्होंने बताया कि घटनास्थल पर आलू उबालने के लिए बड़ा भगोना मिला है, तथा गैस जली हुई थी। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि ऐसा प्रतीत हो रहा है, कि गैस के जलने से कमरे में ऑक्सीजन की कमी हो गई, तथा चारों लोगों की दम घुटने से मौत हो गई। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि चारों लोगों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण स्पष्ट हो पाएगा।

मिगसन ग्रुप की दादागिरी, रेरा के आदेश को भी दिखाया ठेंगा

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। बिल्डरों की धोखाधड़ी को रोकने के लिए गठित रियल स्टेट रेगुलेटरी अथारिटी (रेरा) के आदेशों को भी नोएडा व ग्रेटर नोएडा के बिल्डर नहीं मान रहे हैं। बिल्डरों की धोखेबाजी की इस लिस्ट में अब मिगसन ग्रुप का भी नाम जुड़ गया है। मिगसन ग्रुप के एक प्रोजेक्ट में वर्ष-2016 में फ्लैट बुक कराने वाले बॉयर को 8 साल बाद भी फ्लैट नहीं मिला है।

मिगसन ग्रुप के खिलाफ थाना बीटा-2 में नितेश कुमार पुत्र सत्यपाल सिंह मलिक निवासी सेक्टर स्वर्णनगरी ग्रेटर नोएडा ने एफआईआर दर्ज कराई है। एफआईआर में नितेश ने मिगसन बिल्डर के डायरेक्टर सुनील मिगलानी, यश मिगलानी, मैनेजर पंकज गुप्ता व पवन रस्तोगी के नाम हैं।

नितेश का आरोप है कि 16 मार्च वर्ष-2016 को मिगसन के प्रोजेक्ट व्यान ईटा-।। में उन्होंने फ्लैट बुक कराया था। उन्हें फ्लैट का कब्जा 2020 तक मिलना था। फ्लैट के लिए चैक के जरिए उन्होंने मिगसन बिल्डर को 26 लाख, 41 हजार रूपये का भुगतान किया था। अलॉटमेंट लेटर में शर्त थी कि अगर फ्लैट का कब्जा समय पर नहीं मिलता है तो कंपनी बॉयर को 15 प्रतिशत की वार्षिक दर से भुगतान करेगी। नितेश ने आरोप लगाया कि मिगसन बिल्डर ने उन्हें 8 साल बाद भी फ्लैट का कब्जा नहीं दिया है। जब वह बिल्डर के ऑफिस गये तो वहां उन्हें बाउंसरों द्वारा धमकाया भी गया। वर्ष-2022 में उन्होंने रेरा में शिकायत की थी जहां से उन्हें भुगतान का आदेश भी दिया गया। इसके बावजूद बिल्डर पर कोई असर नहीं पड़ा और उसने रेरा के आदेश को ठेंगा दिखा दिया।

नितेश ने बताया कि मिगसन बिल्डर की धोखाधड़ी के शिकार सौरभ अरोरा, गौरव जैन, आरती भी हुए हैं। गौरव जैन ने बिल्डर के खिलाफ ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 थाने में धारा-420, 406, 467, 468 व 471 में एफआईआर भी दर्ज करा रखी है।

पुलिस ने बिल्डर के खिलाफनहीं लिखी थी रिपोर्ट

पीड़ित नितेश का आरोप है कि बीटा-2 थाने की पुलिस ने मिगसन बिल्डर के खिलाफ उनकी एफआईआर लिखने से इंकार कर दिया था। जिसके बाद उन्होंने वर्ष-2023 में गौतमबुद्धनगर पुलिस आयुक्त कार्यालय को डाक से शिकायत भेजी। वहां से भी कोई जवाब नहीं मिला जिसके बाद उन्होंने न्यायालय की शरण ली। फिर जाकर एफआईआर लिखी गयी है।

लंच करके टेबिल से उठा परिवार तभी भरभरा कर गिरा छत का प्लास्टर

ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)। ग्रेटर नोएडा में बिल्डरों द्वारा बनाई गई हाईराइज सोसायटियों में रहने वाले लोगों की जान हर वक्त खतरे में है। बिल्डरों ने इन सोसायटियों में बनाए गए फ्लैटों में घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल किया है, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

सोशल मीडिया पर ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित एक सोसायटी के फ्लैट का ऐसा ही वीडियो वायरल हो रहा है। जिसमें कमरे की छत का प्लास्टर अचानक नीचे गिरता हुआ दिख रहा है। इस हादसे में किसी को चोट नहीं आई है, लेकिन फ्लैट मालिक की नींद हराम हो गई है।

पूरा मामला ग्रेटर नोएडा वेस्ट की लॉ रेजिडेंसिया सोसाइटी का है, जहां 1 फरवरी को टॉवर नंबर 16 के एक फ्लैट की छत का प्लास्टर अचानक से गिरने लगा। प्लास्टर इतनी तेजी और ज्यादा मात्रा में गिरता है कि नीचे रखी हुई मेज क्षतिग्रस्त हो जाती है। आवाज सुनकर घर मालिक दौड़कर आया तो मंजर देख उसके होश उड़ गए। उसने कहा कि अगर कोई बैठा होता तो प्लास्टर उसके सिर पर गिरता।

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है कि कैसे फ्लैट के अंदर अचानक से छत का प्लास्टर नीचे गिर जाता है। इससे नीचे रखी मेज क्षतिग्रस्त हो जाती है। प्लास्टर गिरने की आवाज सुनकर घरवाले घबराकर अपने कमरों से बाहर आ जाते हैं। आंखों के सामने फ्लैट की ऐसी हालत देखकर वो सन्न रह जाते हैं।

मोहम्मद वकार नाम के यूजर ने इस वीडियो को एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि, 'मैं और मेरे बच्चे कुछ समय पहले ही उस टेबल पर बैठकर लंच कर रहे थे। जैसे ही वहां से उठकर दूसरे कमरे में गए। अचानक से छत का एक हिस्सा (प्लास्टर) नीचे गिर गया। हमारे परिवार के सभी लोग घबरा गए।'

वहीं, इस सोसाइटी के लोगों का कहना है कि हम लोगों ने करोड़ों रुपए खर्च करके यहां पर फ्लैट लिए लेकिन लगातार परेशानियां सामने आ रही हैं। प्लास्टर छूटने और प्लास्टर गिरने की घटनाएं आम हो चुकी हैं. लगता है कि इस सोसाइटी को बनाने में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। जिसकी वजह से आए दिन इस तरह के हादसे हो रहे हैं। गनीमत रही कि जब प्लास्टर नीचे गिरा तो उस समय वहां पर कोई मौजूद नहीं था। अगर कोई व्यक्ति या बच्चा नीचे बैठा होता तो उसको गंभीर चोट आ सकती थी।

सेक्टर-82 के नाले में बहता मिला युवक का शव

नोएडा (चेतना मंच)। शुक्रवार की दोपहर उस समय हड़कंप गया जब नोएडा के एक नाले में एक युवक का शव तैरता

हुआ दिखाई दिया। नाले में युवक का शव तैरता देखकर नाले के दोनों तरफ लोगों की भारी भीड़ जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों को कहना है कि युवक ने नाले में कूद कर अपनी जान दी है, वहीं पुलिस का कहना है कि युवक को मिर्गी के दौरे आते थे।

नोएडा के थाना फेस-2 क्षेत्र के गंदे नाले शुक्रवार की दोपहर नाले में एक युवक को बहता शव देखकर राहगीरों की भीड़ जुट गई। लोगों ने शोर मचाकर उसे बचाने का प्रयास किया। इस दौरान किसी व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी। सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची थाना फेस 2 पुलिस ने गंदे नाले से युवक को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

पुलिस ने उसकी शिनाख्त कराई तो मृतक की पहचान हाथरस निवासी विजय पुत्र गोपी के रूप में हुई। विजय हाल में नोएडा के सलारपुर गांव में किराये पर रह रहा था और एक निजी कंपनी में काम करता था। हादसे की जानकारी मिलने पर विजय के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने पुलिस को बताया कि विजय को अक्सर मिर्गी के दौरे आते थे। वहीं कुछ प्रत्यक्ष दर्शनों ने पुलिस को बताया कि युवक ने नाले में कूद कर अपनी जान दी है। पुलिस आत्महत्या अथवा दुर्घटना के कर्म की जांच पड़ताल कर रही है।

SAHARA BUILDER & PROPERTIES™
ISO 9001:2008
PROPERTIES AVAILABLEFORSALE IN GREATER NOIDA

RESIDENTIAL

S.No	Plot Size	House No./Block	Price	Other Details
1	300 Sq.mtr	C-291, Sigma - 02	92 Lakh	Completion, S/W
2	200 Sq.mtr	G-660, Alpha - 02	1.25 Cr.	Completion,N/E & 18 MTR Road
3	60 Sq.mtr	G-439, Gamma - 02	52 Lakh	Single Story, Corner(18X12),N/E
4	1265 Sq.ft	Silver City - 02, PI-1	55 Lakh	2+1 BHK Apartment
5	29.76 Sq.ft	3TF/Block-60, Sector - 10	9 Lakh	1 BHK, Top Floor
6	2450 Sq.ft	Royal Apartment(Duplex), Sigma - 04	On Request	4BHK, Low rise, Lift
7	237 Sq.mtr	C-363, Sector - 03(EXTN)	1.40 Cr.	50% Completion, Corner, N/ W
8	110 Sq.mtr	5% Plot, CHI PHI EXTN	23000/Sq.Mtr.	Corner Plot
9	131 Sq.mtr	5% Plot, CHI PHI EXTN	23000/Sq.Mtr.	Corner Plot
10	930 Sq.mtr	5% Plot, CHI PHI EXTN	14000/Sq.Mtr.	Corner Plot

COMMERCIAL

S.No	Shop Size	Complex Address	Price	Other Details
1	29.5 Sq.mtr	Block - C, Alpha - 01	95 Lakh	G.Floor, Corner, N/E
2	463 Sq.ft	NQI Plaza, Alpha - 01	95 Lakh	G.Floor, N/E
3	19.5 Sq.mtr	Kadamba Shopping Complex, Gamma -01	40 Lakh	G.Floor, N/W
4	8.15 Sq.mtr	Kiosk, P-3	22 Lakh	24 Mtr Road, N/W

CONTACT US :+919810441077, +919710441077
Add- Office No. 205, Sunrise Tower, Alpha 1 Commercial Belt, Gr.Noida, G.B.Nagar, U.P-2010308

सर्वाइकल कैंसर का है खतरा, भूलकर भी न करें चूक

नोएडा (चेतना मंच)। 'लिप लाक' फेस पूनम पांडेय की महज 32 साल में अचानक

डॉ. डी.के. गुप्ता

सर्वाइकल कैंसर से मौत ने देश में सर्वाइकल कैंसर के उभरते खतरे को लेकर चिंता में डाल दिया है। महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर को लेकर जागरूकता की बेहद कमी है। जिसके चलते इस बिमारी से जुड़े लक्षणों को अक्सर नजरअंदाज कर दिया जाता है।

सर्वाइकल कैंसर के लक्षण

सर्वाइकल कैंसर के बारे में कैसे पता चले इसके कुछ लक्षण होते हैं।

1. यौन संबंध के बाद, मासिक धर्म के बीच या पोस्ट-मेनोपॉज के बाद यौन रक्तस्राव।
2. मासिक धर्म का असामान्य भारी होना और एक बड़े अवधि तक रहना।
3. पानी, रक्तयुक्त यौन स्राव, जिसे अक्सर सुगंधहीन और अप्रिय गंध के साथ मिलता है।
4. पेल्विक दर्द या असहजता, जिसमें यौन संबंध के दौरान दर्द शामिल है।

सर्वाइकल कैंसर से जुड़े खतरों के प्रति आगाह करते हुए नोएडा के सेक्टर-131 स्थित फैलिक्स हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. डी.के. गुप्ता ने बताया कि HPV टीका विभिन्न प्रकार के कैंसरों, जैसे कि सर्विकल, एनल, और ओरोफेरिंजियल कैंसर्स को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके अलावा, यह महिलाओं की बाँझपन से जुड़े कुछ विशेष वायरस स्ट्रेन्स के खिलाफ सुरक्षात्मक ढाल के रूप में कार्य करता है।

सर्वाइकल कैंसर के लक्षण

सर्वाइकल कैंसर के बारे में कैसे पता चले इसके कुछ लक्षण होते हैं।

1. यौन संबंध के बाद, मासिक धर्म के बीच या पोस्ट-मेनोपॉज के बाद यौन रक्तस्राव।
2. मासिक धर्म का असामान्य भारी होना और एक बड़े अवधि तक रहना।
3. पानी, रक्तयुक्त यौन स्राव, जिसे अक्सर सुगंधहीन और अप्रिय गंध के साथ मिलता है।
4. पेल्विक दर्द या असहजता, जिसमें यौन संबंध के दौरान दर्द शामिल है।

सर्वाइकल कैंसर के प्रमुख प्रकार हैं :-

1. स्क्वेमस सेल कार्सिनोमा : यह सर्विक्स के बाह्य हिस्से की पतली, चिपचिपी सेल्स में उत्पन्न होता है, जिसे स्क्वेमस सेल्स कहा जाता है। अधिकांश सर्विकल कैंसर स्क्वेमस सेल कार्सिनोमा होता है।
2. एडेनोकार्सिनोमा : इस प्रकार का सर्विकल कैंसर सीरेविकल कैनाल की स्तंभाकार ग्रंथि सेल्स में उत्पन्न होता है। कभी-कभी, सर्वाइकल कैंसर में दोनों प्रकार की सेल्स शामिल हो सकती हैं।

सरकार की हाल की घोषणा, 9 से 14 वर्ष की आयु की लड़कियों के लिए मुफ्त सर्विकल कैंसर टीकों को लगाने की एक महत्वपूर्ण पहल की है। सर्विकल कैंसर, जो वैश्विक रूप से मृत्यु के चौथे स्थान पर है, इसे रोकने के उपायों की आवश्कता और महत्व को पुनः साबित करता है।

सर्वाइकल कैंसर उत्पन्न होता है जब सर्वांगीण भाग से जुड़े सेल्स की विकास में परिवर्तन होता है। सर्विक्स का निचला हिस्सा, जो यौनांग से जुड़ा होता है, की कोशिकाओं की बढ़ती हुई संख्या से ज्यादातर सर्विकल कैंसर के विभिन्न स्ट्रेन्स के साथ जुड़े होते हैं।

सर्वाइकल कैंसर के जोखिम को कम करने के लिए व्यक्तियों को स्क्रीनिंग टेस्ट करने और एक टीका प्राप्त करने की सलाह दी जाती है। कैंसर को हटाने के लिए सर्जरी, कैंसर सेल्स को नष्ट करने के लिए दवाएँ, जैसे कि केमोथेरेपी और लक्षित थेरेपी, शामिल होती हैं। सर्वाइकल कैंसर का आरंभ तब होता है जब सेल्स के स्वस्थ डीएनए में परिवर्तन होता है। सर्विकल कैंसर का प्रमुख कारण ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) है, जो यौन संपर्क के माध्यम से होने वाला एक सामान्य वायरस है। जबकि बहुत लोगों के लिए यह वायरस कभी समस्याएँ नहीं पैदा करता है। कुछ लोगों के लिए, हालांकि, यह वायरस सेल्स में परिवर्तन कर सकता है जो कैंसर की ओर बढ़ सकते हैं।

सर्वाइकल कैंसर का उपचार

1. HPV टीका : अपने डॉक्टर से संपर्क करें और सर्विकल कैंसर और अन्य एचपीवी संबंधित कैंसरों के जोखिम को कम करने के लिए HPV टीका लगवाएं।
2. नियमित पैप टेस्ट : प्रारंभिक स्थितियों को पहचानने के लिए नियमित पैप टेस्ट महत्वपूर्ण है, जिससे सर्विकल कैंसर को रोकने के लिए निगरानी या उपचार की जा सकती है। 21 वर्ष की आयु से नियमित पैप टेस्ट करें और उसे नियमित अंतरालों पर दोहराएं।
3. सुरक्षित यौन आचरण : सुरक्षित यौन आचरण का पालन करें, जैसे कि नियमित रूप से कंडोम का उपयोग करना और यौन साथियों की संख्या को कम करना।
4. तंबाकू से बचें : धूम्रपान से बचें, और यदि आप वर्तमान में धूम्रपान कर रहे हैं, उसे छोड़ने के लिए स्वास्थ्य पेशेवर से परामर्श करें।
5. पौष्टिक आहार अपनाएं : फलों और सब्जियों को पर्णतु, सब्जियों, और पौधों जैसे पौष्टिक आहार को अपनाएं।
6. मध्यम शराब की मात्रा : यदि आप शराब पीते हैं तो उससे बचें। अधिक शराब का सेवन विभिन्न प्रकार के कैंसर, जैसे कि स्तन, कोलन, फेफड़ा, किडनी, और जिगर को बढ़ा सकता है।

सर्विकल कैंसर के जोखिम कारक

1. **तंबाकू सिगरेट पीना :** तंबाकू की धूम्रपान करना सर्विकल कैंसर के जोखिम को बढ़ाता है। जब व्यक्ति धूम्रपान करते समय एचपीवी संक्रमण होता है, तो इस संक्रमण का समय अधिक होता है। एचपीवी सर्विकल कैंसर का प्रमुख कारण है।
2. **एक से अधिक यौन संबंध :** आपके और आपके पार्टनर के बीच यौन संबंधों की अधिक संख्या, ज्यादातर एचपीवी प्राप्त करने के आपके चांस को बढ़ाती है।
3. **यौन गतिविधि की प्रारंभिकता :** शीघ्र आयु में सेक्स करने से आपके एचपीवी के खतरे को बढ़ावा हो सकता है।
4. **अन्य यौन संचारित संक्रमण :** अन्य यौन संचारित संक्रमण, जिसे सीटीआई, गोनोरिया, सिफिलिस, और एचआईवी/एड्स भी कहा जाता है, एचपीवी के जोखिम को बढ़ा सकते हैं।
5. **कमजोर इम्यून सिस्टम :** यदि आपकी इम्यून सिस्टम किसी अन्य स्वास्थ्य स्थिति के कारण कमजोर है और आपको एचपीवी है, तो आपको सर्विकल कैंसर के विकसित होने का जोखिम अधिक हो सकता है।
6. **गर्भपात रोकथाम दवा का संपर्क:** यदि आपके माता-पिता ने गर्भपात रोकथाम दवा जिसे डाइएथिलस्टिल्बेस्ट्रॉल (डीईएस) भी कहा जाता है का सेवन किया है तो सर्विकल कैंसर के जोखिम बढ़ सकता है। इस दवा का उपयोग गर्भपात रोकने के लिए 1950 के दशक में किया जाता था।

शराब छुड़ाए बिना बताए
अफीम, चरस, स्मैक की आदत छुड़ायें
नशा मुक्ति केन्द्र
नोएडा
नया बाँस, सैक्टर-15, नरूला होटल के सामने, कार पार्किंग के पिछले कोने के पास
रोजाना 1 से 4 बजे तक (मंगलवार बन्द)
फरीदाबाद
सैक्टर-15ए पटेल भवन निकट (बीकानेर मिष्ठान भण्डार)
(सिर्फ हर मंगलवार) समय 10 बजे से शाम 6 बजे तक
मो०-9818250344

GRV BUILDCON
Concept to reality
ARCHITECTURE/ CONSTRUCTION / INTERIORS
WE DON'T DESIGN HOME/ OFFICE
WE DESIGN DREAMS!



Certified by :
ISO 9001 CERTIFIED | startupindia | MSME
Contact Us : 9999472324, 9999082512
www.grvbuildcon.com